दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 281 ■ भीलवाड़ा ■ सोमवार 23 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक, शुक्ल पक्ष-14, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

45 सदस्यीय जिला परिषद में 31 सीटें जीतकर भी कांग्रेस में भितरघात का डर

सत्ता की रस्साकशी: भीलवाड़ा जिला प्रमुख चुनाव में फिर न उठानी पड़ जाए 'गंगाजली'!

रामलाल जाट व धीरज गुर्जर की खींचतान के बीच तीन नामों पर फंसा पेंच

2005 में क्रॉस वोटिंग के बाद उठानी पड़ी थी गंगाजली

ललित ओझा
लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

2005 के भीलवाड़ा जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस के पास बहुमत के बावजूद हुई क्रॉस वोटिंग और 'गंगाजली' उठाने (हाथ में गंगाजल से भरा पात्र लेकर सौगंध खाना) का वाकया एक बार फिर चर्चा में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री स्व.शिवचरण माथुर को भी उस वक्त गंगाजली उठानी पड़ी थी। मेवाड़ व भीलवाड़ा की राजनीति के सबसे चर्चित राजनीतिक घटनाक्रमों में से यह एक रहा है।

इस बार भी कांग्रेस के दो दिग्गज नेताओं पूर्व मंत्री एवं देहात जिलाध्यक्ष रामलाल जाट व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व बीज निगम अध्यक्ष धीरज गुर्जर के बीच जिला प्रमुख को लेकर रस्साकशी शुरू हो गई है। 45 सदस्यीय जिला परिषद में इस बार 31 सदस्य कांग्रेस के जीते हैं। सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित जिला प्रमुख सीट के लिए कांग्रेस से खनन व्यवसायी सत्यप्रकाश डीडवानिया, मांडल के पूर्व विधायक विजय सिंह के पुत्र दुर्गपाल सिंह व खनन व्यवसायी कैलाश मीणा के नाम चर्चा में हैं। 14 सीट जीतने वाली भाजपा का नेतृत्व भी जोड़तोड़ में जुटा है कि दो नेताओं की खींचतान में कहीं कोई करिश्मा हो जाए।



प्रदेश में भाजपा सरकार, कांटे का मुकाबला

2005 में प्रदेश में वसुंधरा राजे के नेतृत्व में भाजपा सरकार थी। पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर मांडलगढ़ विधायक थे। जिला परिषद पर कब्जा बरकरार रखना उनके और कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का सवाल था। माथुर स्वयं 1961 से 1965 तक जिला प्रमुख रहे थे। फरवरी 2005 में जिला प्रमुख चुनाव में भाजपा की ओर से इंजी.कन्हैयालाल धाकड़ मैदान में थे। कांग्रेस अपना बोर्ड बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही थी। मुकाबला बेहद कांटे का था। राज्य में भाजपा की सरकार होने के कारण कांग्रेस खेमे को अपने ही सदस्यों के टूटने और क्रॉस वोटिंग का गहरा अंदेशा था।

माथुर के पास थी रणनीति की कमान

सियासी जोड़-तोड़ से अपने सदस्यों को बचाने के लिए कांग्रेस नेतृत्व ने सभी जीते हुए जिला परिषद सदस्यों की बाड़ेबंदी की। इस पूरी रणनीति की कमान खुद माथुर संभाल रहे थे। जब कांग्रेस के कुछ सदस्यों के पाला बदलने या भाजपा के संपर्क में होने की भनक लगी, तो पार्टी के प्रति वफादारी सुनिश्चित करने के लिए मेवाड़ की पारंपरिक रीत 'गंगाजली' का सहारा लिया गया।

2005 में भी भाजपा सरकार थी और अभी भी है। इस स्थिति के चलते ही राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि कहीं इस बार फिर 'गंगाजली' न उठानी पड़ जाए।

सदस्यों को कसम खिलाई- किसी भी लालच में नहीं आएंगे

माथुर की मौजूदगी में कांग्रेस के सभी जिला परिषद सदस्यों को गंगाजली हाथ में लेकर कसम खिलाई गई कि वे मतदान के दौरान किसी भी लालच या दबाव में नहीं आएंगे और केवल कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी शंकर लाल जाट को ही वोट देंगे। जब 10 फरवरी 2005 को जिला प्रमुख चुनाव का नतीजा आया तो कांग्रेस स्तब्ध रह गई। कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने ऐन वक्त पर क्रॉस वोटिंग कर दी। भाजपा प्रत्याशी इंजी.कन्हैयालाल धाकड़ चुनाव जीत गए और जिला प्रमुख बने। वे 10 फरवरी 2005 से 17 फरवरी 2010 तक जिला प्रमुख रहे।

तब माथुर को भी उठानी पड़ी गंगाजली

क्रॉस वोटिंग की लंबे समय तक राजनीतिक गलियारों में चर्चा रही। कांग्रेस के भीतर ही भीतरघात और गुटबाजी के आरोप लगने लगे। पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं की निगाहें माथुर के खेमे की तरफ उठीं। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उठे संदेह को खत्म करने के लिए माथुर को भी कांग्रेस कार्यालय में खुद हाथ में गंगाजली उठाकर यह कसम खानी पड़ी थी कि उन्होंने न तो क्रॉस वोटिंग कराई है और न ही किसी सदस्य को इसके लिए कहा है।

मॉक ड्रिल: घायलों को कराया महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती, वास्तविक संकट से पहले बचाव कार्य का अभ्यास

सरस डेयरी में एयर स्ट्राइक से भड़की आग मिनटों में पहुंची पुलिस, दमकल और एंबुलेंस

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले में किसी भी आपातकालीन स्थिति या संभावित संकट से निपटने के लिए प्रशासनिक तंत्र, पुलिस, बचाव दलों और स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता को परखने के लिए सोमवार को अजमेर रोड स्थित सरस डेयरी परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। नागरिक सुरक्षा विभाग जयपुर तथा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार आयोजित यह अभ्यास एयर स्ट्राइक से आग लगने जैसी आपात स्थिति के मॉडल पर आधारित रहा। मॉक ड्रिल के दौरान जैसे ही डेयरी परिसर में आपातकालीन सायरन बजा, एहतियातन ब्लैकआउट प्रोटोकॉल लागू करते हुए बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई।

सायरन और ब्लैकआउट के बीच आपात स्थिति की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम, नागरिक सुरक्षा दल, अग्निशमन विभाग और मेडिकल टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला। एक ओर दमकल की गाड़ी और होज पाइप के जरिए आग बुझाने व पानी की बौछारों के बीच अभ्यास चलता नजर आया, वहीं दूसरी ओर परिसर में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस के जवानों के साथ सरस वाहन के पास बड़ी संख्या में लोग और कार्मिक मुस्तैद दिखाई दिए।









घायलों को पहुंचाई तत्काल चिकित्सा सहायता

अभ्यास के दौरान एयर स्ट्राइक से उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकालने, आग पर काबू पाने और घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता पहुंचाने की कार्रवाई की गई। 108 एंबुलेंस सेवा के पास स्ट्रेचर पर लेटे घायल को पुलिसकर्मी, मेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मी संभालते व प्राथमिक उपचार के साथ एंबुलेंस तक ले जाते दिखे। वहीं अस्पताल में सिर पर पट्टी बंधे एक घायल को ऑक्सीजन मास्क व उपचार देते स्वास्थ्यकर्मी तथा पास खड़े चिकित्सक, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी स्थिति का जायजा लेते नजर आए।

आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था की बारीकी से जांच

इस पूरे अभ्यास में विभिन्न विभागों के बीच सूचना के त्वरित आदान-प्रदान, संसाधनों के समुचित उपयोग और आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था की बारीकी से जांच की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. हरितिमा ने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य एयर स्ट्राइक जैसी आकस्मिक व चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, चिकित्सा विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों की तत्परता, कार्यक्षमता व आपसी समन्वय का आकलन करना रहा। वहीं एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया और उपखंड अधिकारी प्रमोद सिरवी ने कहा कि इस अभ्यास के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि किसी भी वास्तविक आपात स्थिति में बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जा सकें और प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता व बेहतर उपचार मिल सके। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य, उपखंड अधिकारी प्रमोद सिरवी सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, मेडिकल टीम, बचाव दल, एसडीआरएफ और नागरिक सुरक्षा दल के सदस्य मौजूद रहे।

कोटड़ी रोड पर हादसा: बाइक सवार दो जिगरी दोस्तों की दर्दनाक मौत, गांव में पसरा मातम

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पारोली थाना क्षेत्र के कोटड़ी रोड पर रविवार देर रात एक बेकाबू और तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया। भीषण टक्कर में एक युवक का सिर बुरी तरह कुचल गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे दोस्त ने भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। सोमवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए, जिसके बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पारोली थाना प्रभारी कमलेश कुमार मीणा के अनुसार, फलासेड़



निवासी कान्हा उर्फ कन्हैयालाल गुर्जर (20) पुत्र उदयलाल गुर्जर रविवार रात अपने साथी रामपाल गुर्जर (22) पुत्र भागचंद गुर्जर के साथ बाइक से फलासेड़ से कोटड़ी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कोटड़ी रोड पर दांतड़ा और कोठाज के बीच रात करीब 11 बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कन्हैयालाल का सिर बुरी तरह कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद दोनों युवक लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़े रहे और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को कोटड़ी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। रामपाल की हालत नाजुक होने पर उसे भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां देर रात करीब 2 बजे इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी नारायण गुर्जर के मुताबिक, पुलिस करीब 2 से ढाई घंटे की देरी से घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस मौके पर आई थी, लेकिन घायल को निजी वाहन से अस्पताल ले जाया गया। इस व्यवस्था और देरी को लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने नाराजगी जताई। पुलिस ने रामपाल का शव भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल और कन्हैयालाल का शव कोटड़ी हॉस्पिटल की मॉर्चुयरी में रखवाया। सोमवार सुबह दोनों का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार अज्ञात वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रामपाल मार्बल की खान में काम करता था और उसके परिवार में दो बेटे व एक बड़ा भाई है। वहीं, कन्हैयालाल खेती का काम करता था; उसकी शादी कोठाज में हुई थी, उसके कोई संतान नहीं है और परिवार में एक छोटा भाई है।

दिन के उजाले में जल रहीं रोड लाइटें, रात में कई इलाके अंधेरे में

प्रशासनिक लापरवाही: पिछले सात दिनों से बिगड़ी हुई है स्ट्रीट लाइटों की टाइमिंग

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर की रोड लाइट व्यवस्था इन दिनों जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी और लचर मॉनिटरिंग की भेंट चढ़ी हुई है। एक तरफ जहां रात के समय कई कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर रोड लाइटें बंद रहने से आमजन को अंधेरे और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर के कई प्रमुख इलाकों में दिन के उजाले में भी स्ट्रीट लाइटें बेवजह जलती नजर आ रही हैं। रविवार शाम और सोमवार सुबह भी शहर के कई हिस्सों में यही नजारा देखने को मिला, जिससे बिजली की भारी बर्बादी हो रही है। नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। समाजसेवी प्रेमचंद कोठारी ने बताया कि पिछले सात दिनों से स्ट्रीट लाइटों के चालू और बंद होने का समय पूरी तरह गड़बड़ाया हुआ है। शहर के प्रमुख क्षेत्रों में सूर्यास्त से काफी पहले यानी शाम पौने पांच बजे ही रोड लाइटें चालू कर दी जाती हैं। इसके बाद सुबह धूप निकलने के काफी देर बाद, लगभग 9 बजे तक ये लाइटें लगातार जलती रहती हैं। दिन में लाइटें जलने की यह समस्या किसी एक गली तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के कई व्यस्त और आवासीय इलाकों में यह स्थिति बनी हुई है। इनमें मुख्य रूप से शामिल विजय सिंह पथिक नगर, नारायणी सर्किल क्षेत्र, कंचन विहार विस्तार (सोफिया स्कूल रोड), मोतीबावजी ग्रिड (सांगानेर रोड) शामिल हैं।





कंचन विहार विस्तार आज सुबह 8:54 बजे, नारायणी सर्किल कल शाम 4:47 बजे

जिम्मेदारों की अनदेखी से बढ़ रहा रोष

एक ओर बिजली बचत के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर टाइमर सेटिंग और स्विचिंग व्यवस्था की नियमित जांच नहीं होने से रोजाना घंटों तक अतिरिक्त बिजली फूंकी जा रही है। रात में अंधेरे से जूझ रहे इलाकों के बाशिंदों और दिन में जलती लाइटों को देख रहे शहरवासियों में प्रशासन की इस दोहरी लापरवाही को लेकर खासा रोष है। लोगों की मांग है कि संबंधित शाखा तत्काल लाइटों के टाइमर दुरुस्त करवाए और रात में बंद पड़ी लाइटों को चालू करवाए।

दोहरी मार, जनता परेशान

शाम 4:45 से सुबह 9 बजे तक यानी रोजाना करीब 16 घंटे से अधिक समय तक स्ट्रीट लाइटें चालू रहने से राजस्व और बिजली का सीधा नुकसान हो रहा है। जिन इलाकों में रात के समय लाइटें बंद हैं, वहां राहगीरों और वाहन चालकों को हादसों व चोरी की वारदातों का डर सता रहा है।

बालाजी की असीम कृपा से समस्या का तुरंत निदान

राजस्थान के जाने-माने ज्योतिषाचार्य
विक्रम सिंह सोनी
ज्योतिष सम्बन्धित सभी समस्याओं का तुरंत निवारण सशुल्क ऑनलाईन किया जाता है।
मिलने के लिए आप 3 से 6 प्रतिदिन फोन करके पधारें।
डांगी फैक्ट्री के पीछे, सांवरिया मंदिर के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा
9509837485, 6350542648

प्रथम पुण्यस्मरण

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद हमारे लिये सदैव प्रेरणादायक रहेंगे।
स्व. श्रीमती उमराव देवी चपलोत
(पत्नी: स्व. श्री मोती सिंह जी साहब चपलोत)
आज आपकी प्रथम पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
स्वर्गवास: कार्तिक सुदी चतुर्दशी
श्रद्धावनत: राजेन्द्र-सुषमा, दिनेश-रेखा, अरुण-वसंता (पुत्र-पुत्रवधू), मंजू-विरेन्द्र जी भूरट (पुत्री-दामाद), अंकुर-रितू (पौत्र-पौत्रवधू), अभिनव, जयेश (पौत्र), अपेक्षा-अविनाश जी मेहता, पलक-सौरभ जी सुराणा, दिया-विशाल जी बोथरा (पौत्री-दामाद), अरहन चपलोत (पड़पौत्र), आदिश्री, आराधिका, रियांश, लाभिका (पड़दोहिता-पड़दोहिती), सौरभ-प्रियंका भूरट (दोहिता-वधू), निरल, दिपल भूरट (पड़दोहिती)
एवं समस्त चपलोत परिवार, भीलवाड़ा-उदयपुर (मो.) 86969 71151

WORTHYTECH SOLUTIONS
TURN YOUR IDEAS INTO DIGITAL REALITY
Build. Innovate. Grow.
Technology That Moves You Forward.
OUR SERVICES
Website Development
Mobile App Development
Software Development
Digital Marketing
INTERNSHIP & TRAINING PROGRAMS for Beginners
G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara.
Phone: 9982376430
Email: info@worthytechsolutions.com
Website: www.worthytechsolutions.com

सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा
नियमित परामर्श सेवाएं
आपके शहर भीलवाड़ा में

डॉ. राहुल नाहर
ENT & Head Neck Surgery
MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist

डॉ. सुश्रुत कालरा
Plastic, Hand & Cosmetic Surgeon
MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Chelmsford, UK), Fellowship in Cosmetic Surgery (Cadogan Clinic, UK), Ex faculty SMS hospital jaipur.

डॉ. अरुण आर्य श्योराण
Medical Gastroenterologist
MBBS, MD (General Medicine), Dr. NB (Medical Gastroenterology)
समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
स्थान:- नाहर स्वचायर सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को
Book An Appointment : 94622 39072, 9784024973
RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S
CKSHospitals CKSHospitals www.ckshospitals.com
CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur

राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Value
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

Rideloo
Safer ho ya ambulance, sab ek app se
भीलवाड़ा की अपनी Ride Booking App
शहर में कहीं जाना हो, ट्रैफिक से परेशान या घर पे गाड़ी नहीं तो
आज अभी BOOK करें!
DRIVERS / RIDERS के लिए
कमाई का सुनहरा अवसर
Rideloo Partner App डाउनलोड करें
0% COMMISSION
AUTO BIKE CAB AMBULANCE
BOOKING, SUPPORT & RIDER REGISTRATION
96943 97383 | 92166 69115

पंचायतीराज संस्थाओं का कार्यकाल 5 वर्ष ही रहेगा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं के कार्यकाल को लेकर चल रही सभी अफवाहों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल पूर्व की तरह 5 साल ही रहेगा। आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश की समस्त पंचायती राज संस्थाओं और उनके निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल पूर्व की भांति 5 वर्ष ही रहेगा। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत सरपंच, वार्ड पंच, प्रधान, जिला प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्यों के निर्धारित कार्यकाल में किसी भी तरह का संशोधन या परिवर्तन नहीं किया गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 ई के प्रावधानों के तहत प्रत्येक पंचायत का कार्यकाल उसकी पहली बैठक के लिए नियत तारीख से 5 वर्ष का होता है, जिसे राज्य स्तर के सामान्य प्रशासनिक आदेश से घटाकर 3 वर्ष नहीं किया जा सकता। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (कलेक्टर्स) को इस आदेश की पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

DR. APURVA'S COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं
डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD)
(BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विशेषज्ञ
समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा
डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोतम दर्द रहित उपचार
Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज
• फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना
• इम्प्लान्ट • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

न्यूज इन बाक्स

जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान, किए स्वेटर वितरित



भीलवाड़ा । सेवा, सहयोग एवं मानवता के संकल्प को साकार करते हुए शिवाजी गार्डन में महिला पतंजलि योग समिति, भीलवाड़ा द्वारा बस्ती के जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। कार्यक्रम में पी.डी. आगीवाल , कैलाश सोमानी एवं पतंजलि योग समिति से नीरा मेहता, दुर्गा लाल जोशी, प्रेमशंकर जोशी, नीना अग्रवाल, गीता लाठी, हेमलता शर्मा, तारा श्यामनानी,किरण श्यामनानी, मंजू मूंदड़ा, किरण बोहरा, रेखा सिंधी, सीमा सोमानी उपस्थित रहे। सभी ने इस सेवा कार्य में सहभागिता निभाते हुए जरूरतमंद बच्चों की सहायता का संदेश दिया।सेवा ही सच्चा धर्म है। जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों की गर्माहट पहुँचाना ही इस आयोजन का उद्देश्य रहा।

यूनेस्को के माली ने किया पल्स पोलियो बूथ का शुभारंभ



भीलवाड़ा । जवाहर फाउंडेशन द्वारा सीएमएचओ कार्यालय के सहयोग से कुंभा सर्किल पर पल्स पोलियो अभियान के तहत विशेष बूथ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 297 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। मुख्य अतिथि स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली थे। उन्होंने कहा कि पोलियो की दो बूंदे न सिर्फ किसी बच्चे को जीवन भर के लिए सुरक्षित करती है, बल्कि यह एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की नीव भी है। जवाहर फाउंडेशन की टीम से वैभव जोशी, चिराग टेलर, सुनील झा, प्रभु झा, अनुराधा झा, सीएमएचओ कार्यालय की टीम से प्रियांशु सेन एवं अदनान रंगरेज, पार्षद नीरज छीपा, अनिल एवं निसार सिलावट आदि उपस्थित रहे।

अंश चतुर्वेदी का अंडर -23 राजस्थान टी 20 टीम में चयन



भीलवाड़ा । बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर -23 बॉयज टी 20 नेशनल चैंपियनशिप के लिए राजस्थान की 15 सदस्य टीम घोषित की गई जिसमें भीलवाड़ा के ऑफ स्पिनर अंश चतुर्वेदी का चयन किया गया है।

जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष महेंद्र नाहर ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इस वर्ष विभिन्न राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में अंश चतुर्वेदी ने शानदार बॉलिंग का प्रदर्शन किया जिसके आधार पर राजस्थान टीम में शामिल किया गया। प्रतियोगिता के सभी मैच पुणे में खेले जाएंगे। राजस्थान के पहले लीग चरण में कुल 6 मुकाबले होंगे। राजस्थान अपना पहला मैच 1 दिसंबर को गोवा के खिलाफ खेलेगी।

प्राची को न्याय के लिए सुभाष नगर में कैंडल मार्च निकाला



भीलवाड़ा ।स्व. प्राची मेहता को न्याय दिलाने के लिए सुभाष नगर में आमजन द्वारा कैंडल मार्च व मौन यात्रा निकाली गई। लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर मौन रहकर स्व. प्राची को श्रद्धांजलि दी। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। आमजन की मांग है कि प्राची मेहता को न्याय दो, दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करो, निष्पक्ष जांच हो, पीड़ित परिवार को न्याय मिले, सुभाष नगर डिस्पेंसरी में नियमित डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित हो। मौन यात्रा के दौरान लोगों ने कहा कि यह मामला केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि बेटियों की सुरक्षा और आम जनता के विश्वास से जुड़ा हुआ है। मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच होनी चाहिए।

सिखवाल एकता मंच ने रेलयात्रियों को पोलियो दवा पिलाने में किया सहयोग



भीलवाड़ा । पल्स पोलियो मुक्त भारत अभियान के तहत रेल्वे स्टेशन बूथ पर सीएमएचओ डॉ. सीपी गोस्वामी, पूर्व संयुक्त निदेशक आईटी सत्यदेव व्यास ने सिखवाल एकता मंच संस्थान स्वयंसेवी संगठन द्वारा लिए गए बूथ पर रेल यात्रियों को पोलियो की खुराक पिला कर शुभारंभ किया। एकता मंच के अध्यक्ष नानू राम शर्मा ने बताया कि बालू लाल उपाध्याय, कैलाश जोशी, सुनील,अर्जुन सुखवाल आदि ने रेल में सफर कर रहे यात्रियों को कोच में जा कर पोलियो दवा पिलाने में नर्सिंग स्टाफ का सहयोग किया। संस्थान ने गोस्वामी, अभिनव, अरुण पुरोहित,कालू राम दमामी का अभिनन्दन किया।

चिकित्सकीय समर्पण और सूझबूझ की मिसाल बनीं डॉ. अपूर्वा धोका जैन

अन्य डॉक्टरों की निराशा में भी नहीं मानी हार, 3 दिन के शिशु का जन्मजात दांत निकालकर सफलतापूर्वक किया उपचार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टर का समर्पण, अनुभव और सूझबूझ कई बार कठिन परिस्थितियों में भी मरीजों के लिए उम्मीद की किरण बन जाते हैं। ऐसा ही एक सराहनीय उदाहरण रामस्नेही हॉस्पिटल के सामने स्थित कॉस्मो डेंटल क्लीनिक की डॉ. अपूर्वा धोका जैन ने पेश किया जब अन्य डॉक्टरो की निराशा हाथ लगने के बाद परिजन 3 दिन के नवजात शिशु के जन्म जात दांत के परामर्श के लिये. अपूर्वा धोका जैन के पास पहुंचे तब डॉक्टर धोका ने जिम्मेदारी और चिकित्सकीय दक्षता का परिचय देते हुए सफलतापूर्वक इस प्रक्रिया को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, 3 दिन के नवजात बच्चे के मुंह में दांत होने के कारण परिजनों को हैरानी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इतनी कम उम्र में दांत निकालने की प्रक्रिया बेहद सावधानी और विशेषज्ञता की मांग करती है। ऐसे में परिजन बच्ची को लेकर कॉस्मो डेंट पहुंचे। परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण थीं, इसके बावजूद डॉ. अपूर्वा धोका जैन ने धैर्य और आत्मविश्वास के साथ स्थिति को संभाला।डॉ. अपूर्वा जैन ने बच्ची की स्थिति का बारीकी से आकलन करते हुए आवश्यक चिकित्सकीय सावधानियों के साथ दांत निकालने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की। इस दौरान नवजात की सुरक्षा और उसकी नाजुक अवस्था को प्राथमिकता दी गई। पूरी प्रक्रिया के सफल होने से परिजनों ने राहत की सांस ली और डॉक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया।

नवजात के लिए जोखिम भरा हो सकता है जन्मजात दांत (नेटल टीथ)



नवजात बच्चों में जन्मजात दांत का होना बहुत जोखिम अवस्था पैदा कर सकता है, ऐसे दांत के टूटकर अलग होने की आशंका रहती हैं। यदि दांत का टुकड़ा सांस के साथ श्वासनली में चला जाए तो बच्चे की जान जा सकती है, इसलिए यह कठिन परिस्थिति बन जाती है जिसमें विशेष अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श की आवश्यकता पड़ती है। डॉक्टर धोका ने बताया कि यह अवस्था बहुत कम बच्चों में पाई जाती है। अंधविश्वास के चलते लोग इसे देवीय शक्ति यों से जोड़ कर इसका समय पर उपचार नहीं कराते है और अनदेखा कर देते है जिससे नवजात का जीवन संकट में पड़ सकता है। ऐसे में लोगों को अंधविश्वास में न पड़कर समय पर उपचार कराये।

एक व्यक्ति के अंगदान से 8 लोगों को नया जीवन मिलता: डॉ.गोस्वामी

जायंट्स ग्रुप के अंगदान पोस्टर का सीएमएचओ ने किया विमोचन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



जायंट्स ग्रुप ऑफ भीलवाड़ा स्मार्ट सिटी द्वारा दीवाली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन नॉदिनी रिसॉर्ट्स में बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सी.पी. गोस्वामी रहे। सीएमएचओ ने अंगदान (ऑर्गन डोनेशन) के प्रेरक पोस्टर का विमोचन जायंट्स ग्रुप के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया। डॉ.गोस्वामी ने कहा कि दीवाली सिर्फ दीप जलाने का त्योहार नहीं, जीवन का दीप जलाने का त्योहार है। एक व्यक्ति के अंगदान से 8 लोगों को नया जीवन मिल सकता है। यही सच्चा महादान है। अंगदान को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। पोस्टर के माध्यम से लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक करने, उससे जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और अंगदान के लिए संकल्प लेने का संदेश दिया गया। कई सदस्यों ने तुरंत ही अंगदान के लिए संकल्प पत्र भरे। सभी ने समाज सेवा और मानवता के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। स्मार्ट सिटी अध्यक्ष मदनगोपाल कालरा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। सदस्य पवन अग्रवाल तथा शास्त्रीय गायिका युक्ति ओझा (दिल से ब्रजवासी) ने गीतों एवं भजनों की प्रस्तुतियां दी। एसएस गंभीर ने मनोरंजन किया। स्पेशल कमेटी मेंबर सुरेंद्र जैन ने सभी सदस्यों को मनोरंजन खेल खिलाया। डायरेक्टर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन अविनाश माथुर ने आभार जताया। कार्यक्रम में यूनिट डायरेक्टर नवीन वाघरेचा, मंजू पोखरना, एस.एस. गंभीर, विजय भारती कपूर, राकेश सिंघल, पंकज परिहार, विपिन शाह, अनिल जैन, सुभाष दुदानी, अमित जैन, पंकज जैन, सत्येंद्र, अमित सांखला, ललित ओझा, प्रवीण सेठी, शिवनारायण ईनाणी आदि उपस्थित थे।

पहले करुणा पुस्तकालय का शुभारंभ

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



करुणा इंटरनेशनल, चेन्नई के तत्वावधान में संचालित करुणा केंद्र, भीलवाड़ा की ओर से विजय सिंह पथिक नगर स्थित राज योगा एंड वेलनेस सेंटर के प्रांगण में देश के पहले करुणा पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि करुणा इंटरनेशनल, चेन्नई की एग्जीक्यूटिव मेंबर एवं जैन महासंघ की महिला अध्यक्ष कमला मेहता थीं। अध्यक्षता जैन महासंघ के पूर्व अध्यक्ष सज्जन राज मेहता ने की। राष्ट्रीय लोक अदालत के सदस्य शांतिलाल जैन विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने फीता काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया। करुणा केंद्र के अध्यक्ष घनश्याम कास्ट ने बताया कि यह भारत में अपनी तरह का पहला पुस्तकालय है। इसमें बच्चों में प्राणी मात्र के प्रति दया, प्रेम, अहिंसा और शाकाहार के संस्कार विकसित करने वाली कहानियां, प्रेरक प्रसंग और महापुरुषों की जीवनियां संग्रहीत की गई हैं। जिले में संचालित करीब 50 करुणा क्लबों को यह पुस्तकें नियमित रूप से इशू की जाएंगी और इन्हें पढ़ने वाले विद्यार्थियों को केंद्र की ओर से प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। अतिथियों ने जीव हत्या से निर्मित कॉस्मेटिक उत्पादों का बहिष्कार करने का आह्वान किया। प्रारंभ में संरक्षिका शकुंतला खमेसरा, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा व कोषाध्यक्ष ललिता जैन ने अतिथियों का तिलक लगाकर, अंगवस्त्र और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। संचालन महामंत्री प्रेम शंकर जोशी ने किया। कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल सिंघवी, जैन कॉन्फ्रेंस की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा गोखरू, सुरेश सिंघवी,कमला चौधरी, प्रमिला सूर्या, मंजू खटवड़ सहित पथिक नगर योग कक्षा के साधक व नागरिक मौजूद रहे।

वृंदावन में कमला पैलेस धर्मशाला का शुभारंभ, पं. धीरेंद्र शास्त्री ने महावीर प्रसाद को मानसिंहका रत्न अवार्ड'से नवाजा

भीलवाड़ा। धार्मिक नगरी वृंदावन में मानसिंहका परिवार की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नवनिर्मित 50 कमरों की भव्य धर्मशाला कमला पैलेस का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। इसी समारोह में परिवार के वरिष्ठ सदस्य महावीर प्रसाद मानसिंहका का 99वां जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने कर-कमलों से महावीर प्रसाद मानसिंहका को 'मानसिंहका रत्न अवार्ड' प्रदान कर सम्मानित किया।



इससे पूर्व संस्थापक एवं मार्गदर्शक श्याम गुप्ता ने धर्मशाला का विधिवत उद्घाटन किया।

100 से अधिक महासंतों का मिला सानिध्य

आयोजन में देशभर से पधारे 100 से अधिक पूज्य महासंतों के आशीर्वचनों से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया। इस मौके पर मानसिंगका परिवार के करीब 250 सदस्यों सहित कई गणमान्य अतिथियों ने महावीर प्रसाद मानसिंगका को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।

200 वर्षों से जारी है सेवा की परंपरा

परिवार के प्रवक्ता राकेश मानसिंहका ने बताया कि पिछले 200 वर्षों से अधिक समय से भीलवाड़ा में निवासरत मानसिंगका परिवार निरंतर धर्म और समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है। बद्रीनाथ धाम से शुरू हुई इस परंपरा के तहत अब तक उज्जैन, सालासर बालाजी और अब वृंदावन में यात्रियों के लिए धर्मशालाओं का निर्माण कराया गया है। परिवार की ओर से लगभग 15 हजार जरूरतमंदों को नियमित निःशुल्क भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। साथ ही, हाल ही में पुष्कर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए लिफ्ट भी लगवाई गई है। राकेश मानसिंहका ने कहा कि एक ही दिन धर्मशाला का लोकार्पण, 99वां जन्मोत्सव और महासंतों के सानिध्य में सम्मान मिला ।

पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियों को बैठक, आहार-विहार व व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी तय

भीलवाड़ा। तिलक नगर स्थित नवनिर्मित जैन मंदिर में मुनि सेवा समिति की आवश्यक बैठक उमराव मल गदिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 30 दिसंबर से 4 जनवरी 2027 तक तिलक नगर में आयोजित होने वाले भव्य पंचकल्याणक महोत्सव में समिति की सहभागिता और व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय करना था। मीडिया प्रभारी अशोक बाकलीवाल ने बताया कि आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज संसंघ के सानिध्य में होने वाले इस पंचकल्याणक महोत्सव के लिए भीलवाड़ा आगमन को लेकर सभी सदस्यों ने संपूर्ण आहार-विहार सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं में सं य सहयोग देने की सहमति जताई। इसके साथ ही बैठक में आचार्य संघ के जयपुर से भीलवाड़ा विहार में सहयोग प्रदान करने पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान आगामी पंचकल्याणक महोत्सव के लिए समिति के सदस्य दिनेश सेठिया परिवार के सौधर्म इंद्र बनने तथा भाग चंद गोधा के महेंद्र इंद्र बनने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अमोलक छाबड़ा सहित सभी उपस्थित सदस्यों ने दोनों का माल्यार्पण कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। बैठक में समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।



राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर दिवस पर विचार गोष्ठी, ट्रांसजेंडर का सम्मान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालक छात्रावास बापू नगर में राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर दिवस पर विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में ट्रांसजेण्डर समुदाय के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना, उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया। शुभारम्भ विभाग के उप निदेशक राम अवतार जाट ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ट्रांसजेण्डर समुदाय हमारे समाज का एक अभिन्न अंग है। शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उन्हें समान अवसर प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मील का पत्थर साबित होते हैं। साथ ही ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सरकार द्वारा जारी ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के विस्तृत जानकारी दी गई।



इस अवसर पर ट्रांसजेंडर समुदाय से प्रिया बाई, परी बाई, चांदनी बाई, दिव्या बाई, नैना बाई, हीना दीदी, रीमा दीदी को सम्मानित कर शॉल, स्मृति चिन्ह व श्रीफल भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। विभाग के उप निदेशक राम अवतार जाट, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नूतन कुमार शर्मा व विभाग के अन्य कार्मिकगणों ने भाग लिया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब का दो वर्षीय प्रोग्राम कैलेंडर घोषित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब द्वारा भीलवाड़ा सहित देश के सभी 133 जिलों और नगर शाखाओं के लिए वर्ष 2027 एवं 2028 का कार्यक्रम कैलेंडर घोषित किया गया है।

क्लब के राष्ट्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुमन सुरेश सोनी के आतिथ्य में आयोजित बैठक में विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों व पदाधिकारियों से चर्चा कर वर्ष 2027 एवं 2028 की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। महाराष्ट्र अध्यक्ष डॉ.माया डॉ मधुसूदन राठी, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष रीतू एडवोकेट मुकेश कोठारी, उत्तर प्रदेश प्रान्तीय अध्यक्ष विनीता प्रेम नारायण राठी एवं हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुमन संदेश जाजू से भी विचार विमर्श किया गया। इस वर्ष बढती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं सनातन धर्म प्रचार प्रसार पर मुख्य फोकस रहेगा। प्रति माह किसी विद्यालय कालेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु क्रिज प्रतियोगिता आयोजन, भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु प्रति माह हवन, प्रत्येक जिले में प्रति वर्ष पांच विशिष्ट व्यक्तियों या संस्थाओं का सम्मान, शिक्षा और खेल के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होंगे। इस वर्ष भी पौधरोपण किया जाएगा। चर्चा चाय पर कार्यक्रम तथा साल में कम से कम एक सांस्कृतिक और एक स्पोर्ट्स प्रतियोगिता होगी।

खेलो राजस्थान खेल में भीलवाड़ा 33.34 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन के साथ सिरमौर

सीएम करेंगे 15 को खेलों का शुभारंभ

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

.खेलो राजस्थान खेलों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन चल रहे हैं। राजस्थान में अभी तक कुल 239390 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है जिसमें से भीलवाड़ा जिले के 79338 सम्मिलित है जो कुल रजिस्ट्रेशन का एक तिहाई 33.3 4 प्रतिशत है। यह राज्य में सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन है, जो अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से तीन गुना से अधिक है। द्वितीय स्थान पर कुचामन डीडवाना 24415 रजिस्ट्रेशन है। तृतीय स्थान पर नागौर जिला 9580 रजिस्ट्रेशन के साथ चल रहा है।

प्रतियोगिताओं के रजिस्ट्रेशन एवं आयोजन हेतु जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू द्वारा ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर आयोजन समितियां का गठन कर निर्देश जारी कर दिए गए थे। जिले में 43965 पुरुष एवं 35379 महिलाओं ने खेलने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। विभिन्न खेलों में अभी तक 861 टीमों का गठन हो चुका है। रजिस्ट्रेशन में ग्रामीण क्षेत्र खिलाड़ियों ने शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियों से अधिक रुचि ली है। जिले के 16 ब्लॉक्स में से बिजौलिया ब्लॉक 17661 खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन के साथ प्रथम स्थान पर चल रहा है। यह पूरे जिले के रजिस्ट्रेशन का 22.26 प्रतिशत है। मांडलगढ़ 11186 रजिस्ट्रेशन के साथ दूसरे स्थान पर कोटड़ी 9573 रजिस्ट्रेशन के साथ तीसरे स्थान पर वह इसके बाद क्रमशः सुवाणा 5868, सहाड़ा 4938, बनेड़ा 4467, जहाजपुर 3082, मांडल 2805, रायपुर 2724, फुलिया कलां 2527, शंभूगढ़ 2278, शाहपुरा 2227, करेड़ा 2071, हुरड़ा 1825, खजूरी 1633, आसींद 1099 में रजिस्ट्रेशन हुए है जो सभी ग्रामीण क्षेत्र से है। शहरी क्षेत्र में भीलवाड़ा शहर से 1063, बिजौलिया नगर पालिका क्षेत्र से 948 एवं तीसरी नंबर पर बीगोद नगर पालिका क्षेत्र से अभी तक 838 रजिस्ट्रेशन खिलाड़ियों ने करवाए है। खेलो इण्डिया यूथ गेम्स की तर्ज पर प्रदेश में पारम्परिक खेलों को शामिल करते हुए ग्राम पंचायत, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर खेलो राजस्थान गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 15 दिसम्बर 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित है।

पहले चरण में ये खेल होंगे

प्रथम चरण में वॉलीबॉल, एथलेटिक्स (100, 200, 400, 800 व 3000 मीटर दौड़) , रस्साकस्सी, शूटिंग बॉल एवं तीरंदाजी (जिला स्तर से) खेलों में किया जाना प्रस्तावित है। जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि आम आदमी एवं युवाओं को मानसिक तनाव से दूर करने, बीमारियों से बचाव एवं स ीन टाइम कम करने के उद्देश्य से व फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं 26 दिन, ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताऐं 10 दिन, जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएँ 5 दिन एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताऐं 5 दिन आयोजित होंगी।

द्वितीय, तृतीय चरण में इन खेलों की प्रतियोगिताएं

नगर पालिका/नगर परिषद/नगर निगम स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी जो 14 दिन, जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएँ 5 दिन व राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएँ 5 दिन आयोजित होंगी। द्वितीय चरण में कबड्डी, फुटबॉल, जूडो, शूटिंग, मलखंब एवं टेनिस बॉल ि केट खेलों की प्रतियोगिताएं करवाया जाना प्रस्तावित है। तृतीय चरण में खो-खो, कुश्ती, बास्केटबॉल, सतोलिया एवं हॉकी खेलों का आयोजन होगा।

सभी उम्र के ले सकेंगे भाग

इन प्रतियोगिताओं में सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी अपना पीयन जनाधार कार्ड द्वारा करवाकर खेलों में भाग ले सकते हैं। संबंधित क्षेत्रों के राजकीय विद्यालय, निजी वि द्या ल य , म हा वि द्या ल य , विश्वविद्यालय, क्रीड़ा परिषद के स्टेडियम एवं उपलब्ध खेल मैदानों पर इनका आयोजन होगा।

शाहपुरा में भाजपा को बहुमत न मिलना कार्यकर्ताओं की नाराजगी का नतीजा

भाजपा कार्यसमिति सदस्य बैरवा का बयान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का एकाधिकार होने के बावजूद भाजपा नगर निकाय से पंचायती राज चुनाव तक में बुरी तरह से पिछड़ गई है। भाजपा पंचायत समिति शाहपुरा में चार, फूलिया कलां में चार व बनेड़ा में पांच सीटों पर जीत सकी।



निवर्तमान सरपंच एवं जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य सत्यप्रकाश बैरवा ने आरोप लगाया कि इस हार के पीछे वरिष्ठ भाजपाइयों एवं कार्यकर्ताओं की स्थानीय संगठन एवं नेतृत्व के प्रति नाराजगी है। भले ही चुनावी नतीजों में कांग्रेस ने बाजी जीत ली है पर इसका श्रेय कांग्रेस को नही, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी व चुप्पी को जाता है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वयं व परिजनों के वोट भाजपा को देकर अपना स्वाभिमान तो बचा लिया। पर उनकी निष्क्रियता एवं चुप्पी ने भाजपा की करारी हार कर दी है।

डोहरिया के निवर्तमान सरपंच बैरवा का कहना है कि भीलवाड़ा जिला परिषद के वार्ड नं.21 से पूर्व विधायक स्व.भैरूलाल बैरवा की पत्नी प्रेमदेवी बैरवा एवं फूलिया कलां पंचायत समिति में वार्ड नंबर 12 से पूर्व विधायक स्व.रामरतन बैरवा की पत्नी सायरी बैरवा को पार्टी प्रत्याशी बनाया जाता तो सम्भवतः पूर्व विधायक स्व.भैरूलाल बैरवा एवं स्व.रामरतन बैरवा के परिजनों पर सहानूभूति के नाते क्षेत्र के सभी वरिष्ठ भाजपाई व कार्यकर्ता गण मिलजुल कर पार्टी पक्ष में कार्य करते।

परिणाम स्वरूप जिला परिषद के वार्ड नं.21 एवं पंचायत समिति के वार्ड नं.12 सहित वार्ड नं. 2 में 20 मत, वार्ड नं.8 में 29 मत, वार्ड नं.10 में 64 मत, वार्ड नं.6 में 105 मत यानी कुल 218 मतों से हारने वाली 4 सीटें भाजपा जीतने पर कांग्रेस मात्र 5 - 6 सीटों पर सिमट जाती। भाजपा को 9 -10 सीटें मिलने पर पार्टी प्रधान बनने की राह आसान हो सकती थी। निवर्तमान सरपंच बैरवा ने अपनों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके सरपंच व प्रशासक काल के दौरान करीब सात वर्षों में स्वयं के भाजपा मण्डल महामंत्री एवं जिला भाजपा कार्य समिति सदस्य होने उपरान्त भी विधायक, सांसद, प्रधान, जिला प्रमुख कोष से पंचायत विकास के लिए कुछ भी बजट नहीं दिया गया।

बैरवा का आरोप है कि अन्तिम वर्ष में सांसद दामोदर अग्रवाल द्वारा पांच लाख रूपए सांसद कोष से बजट दिया गया। हालांकि सांसद - विधायक अनुशंसा पर डोहरिया ग्राम पंचायत में सर्वाधिक व ऐतिहासिक विकास हुआ है। स्थानीय स्तर पर द्वेषतावश नि शुल्क पट्टा वितरण के तहत पट्टा लाभार्थियों से प्रति 200 रूपये विकास के रूप में पट्टा शुल्क नहीं ली जाने पर राजकोष में वित्तीय नुकसान बता कर धारा 38 के तहत सरपंच पद से हटाने की कार्यवाही की गई।

पंचायत राज मंत्री के निर्देश पर जांच उपरांत सम्भागीय आयुक्त अजमेर द्वारा प्रकरण को समाप्त किया गया। स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं को तवज्जों नहीं मिलना, कार्य नहीं होना, आपसी गुटबाजी सहित टिकट वितरण में उपेक्षा करने से भी पार्टी को नुकसान हुआ है। शायद भूल तो किसी को स्वीकार नही होगी। पर उम्मीद है कि चुनावी नतीजों पर पार्टी आत्मचिंतन एवं विश्लेषण जरूर करेगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्प्लेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

चुनावों में हर जीत स्वाभाविक प्रक्रिया है न तो कोई हमेशा जीतता है और न ही कोई हर बार पराजित होता है। यह फैसला मतदाता करता है कि किस जिताये किसे हराये।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक **लोकजीवन**

हारे क्यों - जिम्मेदार कौन ...

आम तौर पर माना जाता है कि शहरों में भाजपा और गांवों में कांग्रेस का वर्चस्व रहता है। भारत इस बार अपना प्रभाव गांवों में भी बढ़ाने की मंशा रखती थी। इसीलिए वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत परम्परा को तोड़ कर पहले शहरी निकायों के चुनाव करवाये गये ताकि गांवों की सरकार चुनने में भी शहरी निकाय चुनावों के परिणामों का मनोवैज्ञानिक लाभ मिल सके। शहरी निकायों में भाजपा को मिली भारी जीत के उत्साह ने उम्मीदवा जताई कि प्रचायत राज चुनावों में भी उसे अपेक्षित सफलता मिलेगी। लेकिन पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव परिणामों ने भाजपा के होश उड़ा दिये। जबकि कांग्रेस को मानो घर बैठे गंगा मिल गई। कांग्रेस संगठन का न प्रयास था और न ही उम्मीद परन्तु जनता ने बिन मांगे ही कांग्रेस की झोली भर दी। 37 जिला परिषदों में से 23 में कांग्रेस को और 5 में भाजपा को बहुमत मिला। एक में आरएलपी जीती और 8 में निर्दलीय किंग मेकर बने। आधी से ज्यादा पंचायत समितियों में कांग्रेस जीती। जोधपुर में कहीं भी भाजपा को बहुमत नहीं मिला। ग्रामीण मतदाताओं ने सत्ता रूढ़ भाजपा के मुकाबले कांग्रेस पर ज्यादा भरोसा किया। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा की पत्नी व दोनों बेटे चुनाव हार गये। जबकि राजेन्द्र सिंह राठौड़ के पुत्र व पुत्र वधु चुनाव जीतने में सफल रहे। मंत्री व नेता अपने परिजनों को लड़ाने में ले तो कार्यकर्ताओं में निराशा होनी स्वाभाविक थी और परिणाम ने होश उड़ा दिये।

भाजपा आला कमान के लिए सबसे ज्यादा हैरानी की बात दोनों चुनावों में सामने आया विरोधाभास है। निकाय चुनावों में जिस मजबूती के साथ प्रदर्शन किया उससे अपने जनाधार के विस्तार की उम्मीद थी लेकिन पंचायत चुनावों में तस्वीर उससे उलट नजर आई। नतीजों की समीक्षा का दौर जारी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व अन्य वरिष्ठ नेताओं के बीच मंथन में विपक्ष की रणनीति से ज्यादा संगठन की कमजोरियों और ग्रामीण क्षेत्रों में पनपी नाराजगी की बात सामने आई। पार्टी के परम्परागत वोट बैंक में खिसकाव, विधायकों के प्रति नाराजगी, यूजीसी और ईएसबल्यू से जुड़े मुद्दों का प्रभाव और संगठन की चुनावी रणनीति का सत्ता और विधायकों पर अत्यधिक निर्भर रहना ऐसा कारण है जिन्हें हार की बड़ी वजह माना जा रहा है। संगठन और सरकार के बीच तालमेल को पार्टी अपनी ताकत मानती रही, लेकिन चुनाव में संगठन की निर्भरता सरकार पर ही रही। चुनावी तैयारियां सरकार की उपलब्धि योजनाओं और तय ऐजेन्डे के ईर्द-गिर्द ही सिमटी रही। संगठन स्थानीय मुद्दों, जातिय समीकरणों मतदाताओं की नाराजगी और बूथ स्तर की परिस्थितियों के आधार पर स्वतंत्र रणनीति तैयार करने में कमजोर रहा। जनता की नाराजगी समझने में चूक रही। पंचायत चुनाव में टिकट वितरित से लेकर प्रचार तक भाजपा विधायकों के भरोसे रही। मतदाताओं की नाराजगी भी हार की बड़ी वजह रही। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक परिणामों की गहन समीक्षा की जाय ताकि समय रहते चूक और नाराजगी के मुद्दों का समाधान कर फिर से जनता का भरोसा हासिल किया जा सके।

कड़वी घूंट -सूरज

नेताओं का ठेका है क्या...

चुनाव में उम्मीदवारी के लिए निकाय और पंचायत चुनाव ऐसे है जिन्हें कार्यकर्ताओं के चुनाव माना जाता है। जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मुद्दे कोई मायने नहीं रखते। इनमें तो स्थानीय स्तर की परिस्थितियां ही हार जीत को प्रभावित करती है वहीं एक साधारण कार्यकर्ता इन चुनावों में ही उम्मीदवार बनने की इच्छा अथवा महत्वाकांक्षा रख सकता है इससे डपरी स्तर के चुनाव तो उसकी क्षमता से बाहर होते है।

विपरित इसके इन छोटे चुनावों में भी पार्टी जब स्काईलेब उम्मीदवार उतारने लगती है। बड़े नेता अपने प्रभाव व हैसियत की वजह से अपने परिजनों को टिकट दिलाने में सफल हो जाते है। इस भरोसे कि कार्यकर्ता को तो बस प्रचार ही करना है। छोटे या स्वाभाविक उम्मीदवार बनने योग्य कार्यकर्ताओं के हक पर अतिक्रमण किया जाता है। तब जनता जवाब दे देती है।

हां प्रदेश में पंचायत राज चुनावों में भाजपा के होश उड़ गये। कल्पना भी नहीं थी कि ऐसे उल्टे परिणाम आयेंगे। क्यों नहीं आये। बड़े नेता या मंत्री एक नहीं दो नहीं तीन-तीन परिजनों को चुनाव मैदान में उतार रहे है। जिन्हें शर्म नहीं आती कि पार्टी को मजबूत करने वाले कार्यकर्ता मुंह ताकते रह जाय। भले ही कार्यकर्ता मुंह नहीं खोले। लेकिन मतदाता के पास हथियार था जिससे नेताओं की पत्नियों पुत्र या बहुओं को हराकर करारा जवाब दे दिया। अब यह आप जानो कि नेता परिणाम से सीख लेंगे या नहीं लेकिन पार्टी की तो फजीहत हो ही गई।

डामर रोड पर पैचवर्क के नाम पर डाली जा रही मिट्टी-ग्रेवल

महुआ से माल का खेड़ा रोड पर खुलेआम हो रहा खेल

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

खेराड क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी का एक और बड़ा उदाहरण सामने आया है।

श्यामपुर से माल का खेड़ा जाने वाली डामरीकरण सड़क पर पैचवर्क के नाम पर डामर की जगह मिट्टी और ग्रेवल डाली जा रही है । सड़क के गडढों को भरने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी लाकर डाली जा रही है और मजदूर फावड़े से उसे फैला रहे हैं। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब सड़क डामर की है तो उस पर मिट्टी क्यों डाली जा रही है? क्या पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इस काम को देख नहीं रहे, या फिर जानबूझकर आंखें बंद की हुई हैं? ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को शिकायत करम



महुआ से माल का खेड़ा रोड के पैचवर्क निर्माण कार्य की जांच कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और सड़क को सही मानकों के अनुसार डामर से दुरुस्त किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर इसी तरह मिट्टी डालकर खानापूर्ति की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

गडढों भरने के नाम पर खानापूर्ति

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और बड़े-बड़े गडढों हो गए हैं। लेकिन इन गडढों को सही तरीके से डामर से भरने की जगह ठेकेदार ने मिट्टी-ग्रेवल से भरना शुरू कर दिया है। यह मिट्टी वाहनों के गुजरने से उखड़ जाएगी और सड़क फिर से वैसी की वैसी हो जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में इस काम को डामर पैचवर्क दिखाया जाएगा और पूरा भुगतान भी डामर के हिसाब से उठा लिया जाएगा, लेकिन मौके पर काम मिट्टी से हो रहा है। यही कारण है कि सड़क हर साल बनती है और हर साल टूट जाती है।

चालक परेशान, हादसे का डर

सड़क पर फैली मिट्टी-ग्रेवल से दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। मिट्टी पर बाइक फिसलने का खतरा बना हुआ है। समाजसेवी सज्जन सिंह शतावत ने बताया कि मेज नदी की पुलिया व माल का खेड़ा से श्यामपुरा के बीच सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है पूर्व में भी पैच वर्क के नाम पर खाना पूर्ति की गई है वही मेज नदी की पुलिया का हाल ही में निर्माण किया गया लेकिन वहां किसी भी प्रकार का प्रदेश बोर्ड नहीं लगाया गया जिसमें कितनी राशि खर्च हुई है काम पूरा हुआ है या नहीं हुआ है वाहन चालक बाइक सवार परिवार मिट्टी वाले हिस्से से जैसे-तैसे निकल रह है। वहीं बड़े वाहनों के आने-जाने से सड़क पर धूल के गुबार उठ रहे हैं, जिससे राहगीरों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है । लोगों को दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है।

जनप्रतिनिधियों की अनदेखी! नगर पालिका में 10 पद रिक्त, कैसे होगा जनता का काम?

✍ चांदमल मूंदड़ा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और अनदेखी के चलते शाहपुरा नगर पालिका लंबे समय से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी से जूझ रही है। नगर पालिका में चार महत्वपूर्ण पदों सहित कुल 10 पद रिक्त चल रहे हैं। इसका सीधा असर शहर के विकास कार्यों और आमजन के दैनिक कामकाज पर पड़ रहा है। पर्याप्त स्टाफ नहीं होने के कारण नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सेन भी जनता के कार्यों को समय पर पूरा करवाने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार नगर पालिका में लेखाकार, कनिष्ठ अभियंता, वरिष्ठ प्रारूपकार (नक्शा), स्वास्थ्य निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, चार कनिष्ठ लिपिक एवं एक वरिष्ठ लिपिक सहित विभिन्न पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। इन महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां नहीं होने से निर्माण कार्यों, नक्शा स्वीकृति, राजस्व संबंधी कार्यों, सफाई व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सेन ने कहा कि नगर पालिका में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के महत्वपूर्ण पद रिक्त होने से शहर के विकास कार्यों और आमजन के कार्यों में परेशानी आ रही है। हमारी प्राथमिकता है कि शाहपुरा के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य हों और आमजन को नगर पालिका से संबंधित सुविधाएं समय पर मिलें। लेकिन पर्याप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अभाव में कई कार्यों को गति देने में कठिनाइयां आती हैं। सेन ने कहा कि राज्य सरकार एवं संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। शाहपुरा नगर पालिका में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तियां की जाएं, ताकि शहर के विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके और आमजन को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके। जनता को बेहतर सुविधाएं देना हमारी जिम्मेदारी है और इसके लिए आवश्यक संसाधन एवं स्टाफ उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। गौरतलब है कि नगर पालिका के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य सरकारी विभागों में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पद रिक्त होने से आमजन को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। हाल ही में हुए चुनावों में भी जनता ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। ऐसे में अब राज्य की भाजपा सरकार के सामने सवाल है कि आखिर कब तक शाहपुरा की जनता को अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ेगा? शहरवासियों ने भी सरकार से मांग की है कि शाहपुरा नगर पालिका सहित अन्य सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर जल्द नियुक्तियां की जाएं, ताकि आमजन के कार्य समय पर हों और शाहपुरा के विकास को नई गति मिल सके।

भारत-पाक के योद्धा त्रिपाठी की स्मृति में शौर्यांजलि कार्यक्रम आयोजित



शाहपुरा। 1965 के भारत-पाक युद्ध के जांबाज योद्धा स्वर्गीय रामेश्वर लाल त्रिपाठी की स्मृति में पूर्व सैनिक परिषद की ओर से रामद्वारा के पास स्थित सैन्य स्मृति स्थल पर शौर्यांजलि कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गौशाला में लापसी वितरित की गई, वहीं रामनिवास धाम परिसर में फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधानाचार्य पवन बांगड़ ने किया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय और रामस्नेही गुरुकुल के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय त्रिपाठी का जीवन छात्रों के लिए एक जीवंत उदाहरण है। साधारण या ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद कर्तव्य के प्रति निष्ठा और कड़ी मेहनत से व्यक्ति न केवल अपने क्षेत्र का, बल्कि पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकता है। उन्होंने कहा कि वीर योद्धा का जीवन और उपलब्धियां शाहपुरा के लिए अत्यंत गौरव का विषय हैं। पूर्व सैनिक सूबेदार सूरत राम ने कहा कि देश सेवा में रामेश्वर लाल त्रिपाठी द्वारा दिखाया गया अदम्य साहस और वीरता सेवारत तथा पूर्व सैनिकों के लिए मिसाल है। उनका समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है और युवाओं में देशभक्ति जगाकर उन्हें सेना में जाने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान पूर्व पेशकार राधेश्याम शर्मा ने युद्धवीर सिंह त्रिपाठी को माला पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में रामस्नेही गुरुकुल के विद्यार्थियों को परीक्षा उपयोगी सामग्री के तहत एग्जाम बोर्ड और ज्योमेट्री बॉक्स वितरित किए गए। आयोजन में पूर्व सैनिक सूबेदार सूरत राम, पूर्व प्रधानाचार्य पवन बांगड़, देवकरण प्रजापति, मुकेश शर्मा, सुनील बेली, सैनिक पुत्र पंकज त्रिपाठी, सत्यनारायण सेन, राधेश्याम शर्मा, चांदमल मूंदड़ा, राजेश गगरानी, गुरुकुल के विद्यार्थी और नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व कल प्रभात फेरी में गूंज रहे गुरु के जयकारे



लोकजीवन न्यूज सर्विस, गुलाबपुरा

शाहपुरा। सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं मानवता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाले गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर शाहपुरा की रामनगर कॉलोनी में श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिंधी समाज की ओर से दो दिवसीय प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें रामनगर कॉलोनी के सभी समाजों के लोगों ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ भाग लिया। इस अवसर पर गुरु नानक देव जी की आकर्षक झांकी को फूलों एवं रंग-बिरंगी मालाओं से सजाया गया। प्रभात फेरी के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव जी के दर्शन कर नमन किया तथा उनके बताए प्रेम, सेवा, समानता और आपसी भाईचारे के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्रभात फेरी में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों सहित कॉलोनी के विभिन्न समाजों के लोगों की सहभागिता ने सामाजिक एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की। आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

पूज्य सिंधी पंचायत समिति, सिंधी नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल के तत्वावधान में श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व 24 नवम्बर को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। 24 तारीख तक पाँच दिवसीय भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। भोर की पहली किरण के साथ शांत वातावरण में गूंजता कीर्तन और प्रभु सिमरन मन को अलौकिक शांति व सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर भक्तों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रकाश पर्व पर झूलेलाल मन्दिर में अरदास , शब्द कीर्तन ,व लंगर का आयोजन होगा। विभिन खेल व प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। रात्रि में भजन संध्या एवं कीर्तन में अजमेर के सुप्रसिद्ध कलाकार घनश्याम भगत द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां होगी व केक काटकर गुरु प्रकाश पर्व मनाया जाएगा।

सीता का कुंड महादेव में कल लगेगा मेला

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

अरावली पर्वतमाला की छटा पर, खेराड़ की पावन धरती पर विराजित पवन धाम छोटा पुष्कर सीता का कुंड महादेव में कार्तिक पूर्णिमा पर 23 से 25 नवंबर तक तीन दिवसीय भव्य मेले का आयोजन ग्राम पंचायत उन्दो का खेड़ा के तत्वाधान में किया जा रहा है। मेले में ऊपरमाल, हाड़ौती, मेवाड़ और खेराड़ क्षेत्र के हजारों भक्त पहुंचकर मेले का आनंद लेंगे। कार्तिक पूर्णिमा पर भोलेनाथ का अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के द्वारा विशेष श्रृंगार किया जाता है, जो इस मेले का मुख्य आकर्षण रहता है। इस मेले की सबसे बड़ी परंपरा है कि महिलाएं सीता का कुंड में टाटी विसर्जित करती हैं। मान्यता है कि इससे क्षेत्र में खुशहाली आती है, खेती में भरपूर पैदावार होती है, महिलाओं का सुहाग अमर रहता है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। मेले में खिलौने, सब्जी, श्रृंगार और घरेलू सामान की दुकानें सजती हैं। बच्चों के लिए झूले, डॉलर चकरी और कई मनोरंजन के साधन लगते हैं, जिसमें बच्चे खूब आनंद लेते हैं। वहीं कई नामी भजन कलाकार अपने भजनों की प्रस्तुति देकर पूरी रात भक्ति का माहौल बना देते हैं। मेले को लेकर साफ-सफाई, मंदिर की पुताई, रोशनी, पेयजल की व्यवस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कर दी गई है। सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर मेले को सफल बनाने की अपील की है।

टायर फटने से पलटी कार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

रीको औद्योगिक क्षेत्र में गिरिराज धर्म काटा के सामने तेज रफ्तार कार का टायर फटने से कार पलटी खा गई। गनीमत यह रही कि चालक व अन्य सहयात्री सकुशल बाहर निकल गये। शहर के अंदर ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाले सड़क मार्ग रीको औद्योगिक क्षेत्र कोगटा पोल फेक्ट्री गिरिराज धर्म काटा के सामने तेज रफ्तार कार का टायर फटने से कार पलटी खा गई। गनीमत यह रही कि दिन भर आवाजाही का केंद्र बने सड़क मार्ग पर दुर्घटना से कोई व्यक्ति चपेट में नहीं आया।

केशव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्रद्धापूर्वक मनाई गई केसरी सिंह बारहठ की जयंती



शाहपुरा। महान क्रांतिकारी कवि और स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर केसरी सिंह बारहठ की जयंती केशव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक रामेश्वर लाल धाकड़ ने की। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी केसरी सिंह बारहठ, जोरावर सिंह बारहठ और प्रताप सिंह बारहठ के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सुनील धाकड़ और राकेश धाकड़ ने प्रथम, वैभव तेली और साक्षी धाकड़ ने द्वितीय तथा कुसुम भील और अखिल धाकड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में तनुजा कुमावत और देवराज कहार ने प्रथम, वंशिका भील और भूपेंद्र कहार ने द्वितीय जबकि तनीषा धाकड़ और वीरेंद्र गुर्जर ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में अक्षित गुर्जर ने पहला, सुनील धाकड़ ने दूसरा और अर्जुन गुर्जर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन निदेशक रामेश्वर लाल धाकड़ ने किया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में प्रभारी रेखा वैष्णव, अनिलप्रभा ओझा, शशिकला शर्मा, रेखा व्यास, सत्यदेव धाकड़, मंजू दाधीच, रंजना पौण्डरीक, भारती सामतानी और विकास खटीक ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

नौनिहालों को पिलाई पोलियो की खुराक



शाहपुरा। राजकीय जिला चिकित्सालय शाहपुरा शहरी क्षेत्र में पीएमओ डॉक्टर अशोक जैन के निर्देश पर पोलियो अभियान की शुरुआत राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की शुरुआत रविवार पटवार भवन कोठार मोहल्ला एम ओ आईसीमेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉक्टर मनीषा ने बताया की 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंदें पिलाई जाती हैं शाहपुरा शहर में 25 पोलियो बूथ बनाए गए 5290 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 22 नवम्बर से 24 नवम्बर तक शाहपुरा शहर में अधिक से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के प्रथम दिन 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को बूथ पर दवा पिलाई गई तथा अगले 2 दिनों तक टीमों के द्वारा, घर-घर जाकर बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी ताकि दवा पीने से कोई भी बच्चा वंचित न रहे पटवार भवन पर स्वास्थ्य विभाग से कार्मिक हीरा बानू कायमखानी ललिता भील रचना मीणा शुभांशु लोठ द्वारा पोलियो की दवाई पिलाई गई।

प्रकाश पर्व पर सिंधी समाज ने निकाली प्रभात फेरी

पुष्कर मेले में चमका शाहपुरा बियर्ड क्लब, मूंछ व वेशभूषा से जीता दिल

शाहपुरा। राजस्थान की पारंपरिक वेशभूषा, मूंछों की मरोड़ और शौर्य का संदेश लेकर शाहपुरा बियर्ड क्लब के सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला-2026 की मूंछ प्रतियोगिता में शानदार भागीदारी निभाई। राजस्थानी पहनावे और प्रभावशाली व्यक्तित्व के जरिए सदस्यों ने दर्शकों का ध्यान खींचा और शाहपुरा का मान बढ़ाया। टीम का नेतृत्व क्लब के संस्थापक अध्यक्ष एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद इशाक खान ने किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. खान पुष्कर मेला-2025 की मूंछ प्रतियोगिता के प्रथम विजेता रह चुके हैं, लेकिन इस बार उन्होंने स्वयं हिस्सा लेने के बजाय सांस्कृतिक विरासत का संदेश फैलाने के लिए टीम की अगुवाई की। प्रतियोगिता में क्लब के एडवोकेट दीपक पारीक एवं दिनेश कुमार भील (हुकुमपुरा) ने भी प्रतिभा दिखाई। डॉ. खान ने कहा कि क्लब का लक्ष्य केवल प्रतियोगिता में भाग लेना नहीं, बल्कि लोक संस्कृति व गौरवशाली विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहचान दिलाना है। पुष्कर प्रतियोगिता में कमलेश बुनकर प्रथम, प्रशांत द्वितीय तथा बूंदी के भंवर गुर्जर तृतीय रहे। इस दौरान अभय सिंह शेखावत, रेहान खान, राजकुमार पारीक व दीपक जोशी भी मौजूद रहे। अब क्लब शाहपुरा में भव्य आयोजन की तैयारी के साथ देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में भी दम दिखाने को तत्पर है।



Principal medical officer, Govt. Hospital, Nasirabad (Ajmer)

NOTICE INVITING BIDS

UBN No.: Services/2026-27/0100/058

Bids for Procurement of Cleaning Services for government sub district hospital nasirabad laboratory are invited from interested bidders up to 27.11.2026 05.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://shpp.rajasthan.gov.in) of the state, and respective department 's website. The approximate value of procurement is INR 12,39,240.00

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
राज. सामा. चिकित्सालय
नसीराबाद

DIPR/C/18493/2026

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/5421

आम सूचना

एतद्द्वारा मैसर्स लक्ष्मी एग्रीकल्चर्स जरिये साझेदार श्री भैरूलाल काबरा पुत्र श्री जमनालाल काबरा राजस्व ग्राम सांगानेर की आराजी 3321/583,3322/583,584,585,686,687,688,689,690 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या-28 की साईज 20x40=88.88 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड श्रीमती सोनम झंवर पत्नी श्री मनीष झंवर को विक्रय किया एवं इनके द्वारा श्रीमती प्रियंका दाधीच पत्नी श्री दिनेश कुमार व्यास को विक्रय किया गया।श्रीमती प्रियंका दाधीच पत्नी श्री दिनेश कुमार व्यास द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में ऑन लाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर/एतराज /आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नही की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नही होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **मेरा नाम कृष्णा धाकड़, पिता नाना लाल धाकड़, माता निर्मला देवी** है। मेरी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक बोर्ड की अंकतालिकाओं में भूलवश **माता का नाम निरु देवी अंकित** हो गया है, जिसे संशोधित कर निर्मला देवी किया जाना है।

अतः भविष्य में मेरी माता का सही नाम निर्मला देवी ही माना जाए।

कार्यालय ग्राम पंचायत- थड़ौदा

पं.स. बिजौलियां, जिला भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक : ग्रा. पं. /2026-27/5 दिनांक : 20.11.2026

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत थड़ौदा की आबादी भूमि में बसे लोगों को उनके स्वामित्व की भूमि का निम्नानुसार प्रोपटी कार्ड दिया जाना है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग जयपुर से प्राप्त राजस्व ग्राम दांता उर्फ छोटा थड़ौदा की आबादी भूमि की सर्वेसूचि मय मेप 2.0 तथा प्रोपटी पार्सल आमजन के अवलोकनार्थ ग्राम पंचायत के कार्यालय में उपलब्ध है। इस सम्बंध में किसी प्रकार की आपत्ति/संशोधन हेतु लिखित मय साक्ष्य 30 दिवस के भीतर-भीतर ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करें, मियाद उपरान्त किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

सरपंच — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत थड़ौदा — ग्राम पंचायत थड़ौदा
पं.सं. बिजौलियां, भीलवाड़ा — पं.सं. बिजौलियां, भीलवाड़ा

कार्यालय ग्राम पंचायत - उमाजी का खेड़ा

पं.स. बिजौलियां, जिला भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक : ग्रा. पं. /2026-27/16 दिनांक : 21.11.2026

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत उमाजी का खेड़ा के राजस्व ग्राम उदपुरिया के स्वामित्व योजना के तहत निम्नानुसार प्रोपर्टी कार्ड प्राप्त हुए है। अतः ग्राम उदपुरिया के मेप 2.0 के प्रोपटी पार्सल अवलोकनार्थ ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। इस संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति/संशोधन हो तो मय साक्ष्य 30 दिवस के भीतर-भीतर ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करें। मियाद पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः सूचित हो कर कोई भी संशोधन हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क करें।

सरपंच — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत उमाजी का खेड़ा — ग्राम पंचायत उमाजी का खेड़ा
पं.सं. बिजौलियां, भीलवाड़ा — पं.सं. बिजौलियां, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/5423

आम सूचना

एतद्द्वारा मैसर्स लक्ष्मी एग्रीकल्चर्स जरिये साझेदार श्री भैरूलाल काबरा पुत्र श्री जमनालाल काबरा राजस्व ग्राम सांगानेर की आराजी 3321/583,3322/583,584,585,686,687,688,689,690 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या-27 की साईज 20x40=88.88 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया। उक्त भूखण्ड श्री मनीष कुमार झंवर पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद झंवर को विक्रय किया एवं इनके द्वारा श्री दिनेश कुमार व्यास पुत्र श्री सत्यनारायण व्यास को विक्रय किया गया।

श्री दिनेश कुमार व्यास पुत्र श्री सत्यनारायण व्यास द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में ऑन लाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर/एतराज /आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नही की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नही होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर निगम, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक/न.नि.भी./ राजस्व/2026 / 335 दिनांक 19/08/2026

आम सूचना

श्री रिसालदार व श्री भवानी सिंह पुत्र श्री फतेह सिंह राठौड़ को नगर परिषद भीलवाड़ा द्वारा सुभाष नगर पूर्व विस्तार भीलवाड़ा योजना में आवासीय भूखण्ड सं. 118 क्षेत्रफल = 852.22 वर्गगज का 99 वर्षीय लीज होल्ड राईटस् पर दिया गया था। वर्तमान में उक्त भूखण्ड में से क्षेत्रफल =491.66 वर्गगज श्रीमती ज्योति देवी पत्नी श्री राजेन्द्र जैन (बोरदिया) के नाम से नामान्तरित होकर दर्ज है। श्रीमती ज्योति देवी पत्नी श्री राजेन्द्र जैन (बोरदिया) की मृत्यु दिनांक 24.12.2022 को हो जाने से इनके विधिक वारिसानो श्रीमती प्रेक्षा सौरभ बोथरा, सुश्री कृति बोरदिया व सुश्री करिश्मा बोरदिया पुत्रगण श्री राजेन्द्र बोरदिया ने उक्त भूखण्ड में से क्षेत्रफल = 491.66 वर्गगज को श्री राजेन्द्र कुमार बोरदि

क्षमा कीजिए

क्षमा कीजिए-सुर मे आपके,
सुर मेरा मिला न सकूंगा
आप कंगूरों की स्तुति गाते
मै नींव की वेदना सुनाता
चमक-दमक पर मिटे आप हैं
मै भीतर की बात बताता
उपलब्धियों पर गर्व आपको
कमियां मुझे कचौटती हैं
व्यवस्था सुनती है आपको
मेरी टेर निरूत्तर लौटती है
शीर्ष पर होने भर से,
विरद किसी की गा न सकूंगा।
क्षमा कीजिए-सुर मे आपके,
सुर मेरा मिला न सकूंगा।
सत्ता की वीथियों, सदनों मे
है प्राय:आपका आना-जाना
चाल समय की समझी आपने
चढते सूरज को पहचाना
अमूर्त विचारों का साधक मै
मित्र न कोई, न शत्रु जाना
जिस पथ का हूं पथिक, वहां
लगा रहता है खोना-पाना
किसी मोड पर मिलूंगा,
बहुत दूर संग जा न सकूंगा
क्षमा कीजिए-सुर मे आपके,
सुर मेरा मिला न सकूंगा।
श्रम-सीकर से फसलें सींची
उत्तम उपज की ले अभिलाषा
फलित हुए प्रयास तो अच्छा
नाकामी पर भी ना टूटी आशा
उत्थान मे भी, अवसान मे भी
हम अडिग हैं, वहीं खडे है
विचार प्रथम, सुख-लाभ पीछे
इसी सोच मे पले-बढे हैं
ध्येय-पथ पर थकने का
भाव मन मे ला न सकूंगा
क्षमा कीजिए-सुर मे आपके
सुर मेरा मिला न सकूंगा
किसने बोयी, किसने सींची
किसने काटी, विचार नहीं है
ये समझ लो, कि प्रेम मेरा
प्रेरणा है, अधिकार नहीं है
मेरे हिस्से मे क्या आया
क्या खोया और क्या पाया
इन बातों पर खेती सूखे
सपने मे भी स्वीकार नहीं है
बोझ जो उठा न फेंका,
नौका पार ले जा सकूंगा
क्षमा कीजिए-सुर मे आपके,
सुर मेरा मिला न सकूंगा ।
आप प्रतीक हैं जगत के
स्वामी हूं मैं, अपने मन का
दु:ख-सुख हम पर एक-से
दर्शन अलग-अलग जीवन का
चहुंओर घटित-अघटित से
तटस्थ नहीं, मै रहने वाला
लडता रहेगा अंधेरे से
मेरे हिस्से का उजाला ।
मन के विरूद्ध यदि चला,
क्षमा स्वयं से पा न सकूंगा
क्षमा कीजिए-सुर मे आपके
सुर मेरा मिला न सकूंगा ।

भगवत सिंह चौधरी
वैभवनगर-भीलवाड़ा



हर रज कण में भोले अजब-गजब और तीन-ताल की,



हर रज कण में भोले
अजब-गजब और तीन-ताल
की,
भोले दुनिया सारी,
आओ पल-दो-पल बतियाएं,
छोड़ दें दुनियादारी।
अजब-गजब और ...
नहीं कहीं कोई भूल-भुलैया,
नहीं किसी से यारी,
भोले की सूरत ही लगती,
मुझको सबसे प्यारी।
अजब-गजब और ...
जब-जब भोले को देखा,
कुछ और रास नहीं आया,
बस भोले का संग-साथ,
हरदम मुझको है भाया।
अजब-गजब और ...
कदम-कदम हम साया बन
कर,
जब दोनों संग चलते,
देवदूत और इंसा सारे,
पल-पल आंखें मलते।
अजब-गजब और ....
भोले-भक्ति में ऐसे डूबे,
शब्द शहद हों जैसे,
हर रज कण में भोले दिखते,
हैं ही भोले ऐसे।
अजब-गजब और ...
(293/351वां मनका)
कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम
गांधीनगर, इन्दौर (म.प्र.)

धर्म और संस्कृति को बनाए रखना प्रत्येक सनातनी की जिम्मेदारी है - संत विष्णु कृष्ण तनय

भीलवाड़ा में क्षेत्र स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता, विजेता 17 जनवरी को गया में करेंगे प्रतिनिधित्व

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



भारत विकास परिषद, उत्तर पश्चिम क्षेत्र (राजस्थान) के तत्वावधान में राजस्थान मध्य प्रांत एवं स्वामी विवेकानन्द शाखा के आतिथ्य में क्षेत्र स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता ब्रिटिश इंटरनेशनल स्कूल में हुई। प्रदेश के विभिन्न प्रांतों से आए विद्यार्थियों ने कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग में हिस्सा लिया।

क्षेत्रीय महासचिव सीए संदीप बाल्दी ने बताया कि उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री मुकेश जैन ने की। क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं संस्कार गतिविधि राष्ट्रीय पालक विक्रांत खंडेलवाल का सान्निध्य रहा। दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के बाद प्रांतीय अध्यक्ष सतीश तापड़िया ने स्वागत किया तथा राष्ट्रीय सह संयोजक (संस्कार) व पर्यवेक्षक मुकेश लाठी ने नियम व मूल्यांकन प्रक्रिया बताई। क्षेत्रीय अध्यक्ष राधेश्याम रंगा ने भारतीय संस्कृति व चेतना के संवर्धन में संगीत की भूमिका पर प्रकाश डाला। क्विज मास्टर सुनीता जोली, आदित्य, सीए संदीप बाल्दी व मुकेश लाठी रहे, जबकि तकनीकी सहयोग दलपत सिंह राठौड़, अमित सोनी, कैलाश आचार्य और अमित काबरा ने दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल व संगम ग्रुप के वाइस चेयरमैन डॉ. एसएन मोदानी ने विजेताओं व प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि संत विष्णु कृष्ण तनय ने कहा कि धर्म और संस्कृति को बनाए रखना प्रत्येक सनातनी की जिम्मेदारी है। तकनीकी सहयोग के लिए कुलदीप माथुर व उनकी टीम, दलपत सिंह राठौड़ तथा कैलाश आचार्य को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान दक्षिण पूर्व प्रांत की छीपाबड़ौद शाखा (सेवा भारती बाल विद्या मंदिर, छीपाबड़ौद) के केशव मालव व शुभम नागर रहे। द्वितीय स्थान उत्तर प्रांत की महाराणा प्रताप शाखा, श्रीगंगानगर (शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल, श्रीगंगानगर) के अमरेंद्र खुंगर व रणवीर जांगू तथा तृतीय स्थान दक्षिण प्रांत की आसपुर शाखा (सनराइज पब्लिक उमावि, आसपुर) के लक्ष कुमार सुथार व वंश भट्ट ने प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान उत्तर पूर्व प्रांत की भिवाड़ी शाखा राठ इंटरनेशनल स्कूल, भिवाड़ी के कशिश चौहान व विहान अरोड़ा रहे। द्वितीय स्थान उत्तर प्रांत की महाराणा प्रताप शाखा, श्रीगंगानगर (शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल, श्रीगंगानगर) के साहिल भादू व प्रतीक सहारण तथा तृतीय स्थान पूर्व प्रांत की स्वामी विवेकानन्द शाखा, करौली (जूपिटर पब्लिक स्कूल, हिंडौन सिटी) की नंदिनी चौधरी व नंदिनी ने हासिल किया। दोनों वर्गों की विजेता टीमें 17 जनवरी 2027 को गया (बिहार) में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रांतीय महासचिव आनंद सिंह राठौड़ ने आभार जताते हुए आयोजन के सुव्यवस्थित, समयबद्ध, पारदर्शी व तकनीकी संचालन को उपलब्धि बताया। मंच संचालन सुमित जागेटिया, रिंकू सोमानी व शारदा दरगड़ ने किया। आयोजन में लोकेश मित्तल, रामेश्वर काबरा, गोविंद सोडानी सहित राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद रहे। व्यवस्थाओं में प्रांतीय संयोजक संस्कार अरुण बाहेती, संयुक्त महासचिव श्याम कुमावत, विवेकानन्द शाखा अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, पारस बोहरा, कैलाश अजमेरा, रजनीकांत आचार्य, भेरुलाल अजमेरा, केजी सोनी व शाखा कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। अंत में सीए संदीप बाल्दी ने सभी का आभार जताया।

पार्षद छीपा के आवास पर पधारे गढ़बोर चारभुजा नाथ, भक्तों ने किया स्वागत



भीलवाड़ा। 16108 तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के पश्चात गढ़बोर लौटते समय भगवान गढ़बोर चारभुजा नाथ की बारात आजाद नगर स्थित पार्षद नीरज मोनू छीपा के आवास पर पहुंची। यहां भगवान चारभुजा नाथ और बारातियों के आगमन पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। पार्षद नीरज मोनू छीपा ने अपने परिवारजनों, समाजबंधुओं और वार्डवासियों के साथ मिलकर भगवान व बारातियों का अभूतपूर्व एवं आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए छोगला छैल के जयकारों से समूचा इलाका भक्तिमय और गुंजायमान हो उठा। स्वागत-सत्कार और धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात अंछरा (छीपा) परिवार की ओर से भगवान चारभुजा नाथ एवं बारातियों को सस्नेह भेंट अर्पित कर भावभीनी विदाई दी गई।

वैवाहिक वर्षगांठ पर सेवा कार्यों के लिए दी सहयोग राशि

भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा की ओर से शनिवार को वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सदस्यों के निवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान परिषद के सेवा कार्यों व काढ़ा वितरण के लिए सहयोग राशि भी प्रदान की गई। परिषद के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद सोडाणी एवं प्रमिला सोडाणी, तथा हरगोविंद सोनी एवं उर्मिला सोनी को उनके घर जाकर सदस्यों ने तिलक लगाकर, दुपट्टा ओढ़ाकर, दीपक जलवाकर, वरमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई दी। इस अवसर पर गोविंद सोडाणी ने परिषद के सेवा कार्यों व काढ़ा वितरण के लिए 2100 रुपए का सहयोग प्रदान किया। शाखा सचिव के.जी. सोनी ने बताया कि यह इस माह परिषद का चौथा कार्यक्रम है। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य रामेश्वर लाल काबरा, पारस बोहरा, भेरूलाल अजमेरा, अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, के.जी. सोनी और कोषाध्यक्ष आदित्य मानसिंहका उपस्थित रहे।

रामधाम गौशाला में 3 भामाशाहों ने लिया गौमाता को गोद

भीलवाड़ा। श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट की ओर से संचालित रामधाम गौशाला में गोपाष्टमी के पावन पर्व से शुरू की गई गौ गोद योजना को शहर के गौभक्तों का निरंतर सहयोग मिल रहा है। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने आमजन से भी इस पुनीत मुहिम से जुड़कर गौ-सेवा का पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। अध्यक्ष सूर्य प्रकाश मानसिंहका, हेमंत मानसिंहका, दीपक मानसिंहका, दामोदर अग्रवाल व गोपाल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि वर्तमान में गौशाला में करीब 400 गौवंश का समुचित संरक्षण एवं सेवा कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कोई भी श्रद्धालु 11 हजार रुपए का वार्षिक सहयोग देकर एक गौमाता को गोद ले सकता है, जिससे उनके पूरे वर्ष के चारे व भरण-पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित होती है। गोपाष्टमी से शुरू हुई इस योजना के तहत शहर के तीन गौसेवियों ने आगे आकर एक-एक गौमाता को गोद लिया है। इनमें दीपक खेमका, ललित अग्रवाल व रौनक रुंगटा शामिल हैं, जिन्होंने 11-11 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट कर गौमाता के वार्षिक भरण-पोषण का संकल्प लिया।

पीथास ग्राम पंचायत क्षेत्र में 267 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक



भीलवाड़ा। ग्राम पंचायत पीथास क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान के 267 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। पीथास उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम गुड्डी सोनी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत मालीखेड़ा बूथ पर 52, मालपुरा बूथ पर 45, पीथास के प्रथम बूथ पर 80 तथा द्वितीय बूथ पर 90 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। आशा सहयोगिनी आशा पारीक, रामकन्या वैष्णव, विमला गर्ग एवं सुगना जाट सहित आशा कार्यकर्ता मंजू सेन, मंजू पारीक एवं मीना वैष्णव का सहयोग रहा।

निशुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर 26 को

भीलवाड़ा। मानव सेवा संस्थान की ओर से जिला अंधता नियंत्रण सोसायटी, सेठ चिरंजीलाल, रमेशचंद्र मानसिंहका चैरिटेबल ट्रस्ट एवं स्पर्श हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर26 नवंबर को शिविर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक टंकी के बालाजी परिसर, सुभाषनगर में शुरू होगा।

वरिष्ठ नागरिक मंच की फोटो प्रतियोगिता के परिणाम घोषित, उदयपुर के भंवर सेठ प्रथम



भीलवाड़ा । (वरिष्ठ नागरिक मंच (संस्थान), भीलवाड़ा की ओर से दीपावली के पावन पर्व पर आयोजित अनूठी फोटो प्रतियोगिता दीपावली के रंग तीन पीढ़ियों के संग के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रतियोगिता में उदयपुर के भंवर सेठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम प्रभारी अरुण कुमार आचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता को देशभर के वरिष्ठ नागरिकों का उत्साहपूर्ण समर्थन मिला और बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने परिवार की तीन पीढ़ियों के साथ दीपावली मनाते हुए यादगार तस्वीरें भेजीं। निर्णायक मंडल में शामिल प्रसिद्ध आर्टिस्ट एवं कार्टूनिस्ट के.जी. कदंब तथा प्रसिद्ध फोटोग्राफर एवं पत्रकार प्रहलाद तिवारी ने तस्वीरों की बारीकियों, विषयवस्तु, प्रस्तुति एवं भावनात्मक पक्ष का गहन अध्ययन कर परिणाम जारी किए। प्रथम पुरस्कार 21,000 भंवर सेठ उदयपुर, द्वितीय पुरस्कार 11,000 कमला देवी भट्ट भीलवाड़ा, तृतीय पुरस्कार 5,100मूलचंद बाफना भीलवाड़ा, सांत्वना पुरस्कार 2,100 प्रत्येक जुगल किशोर अग्रवाल (उदयपुर), तथा भीलवाड़ा से रामपाल शर्मा, ओमप्रकाश पारीक, कैलाश चंद्र सोमानी, सुरेश चंद्र न्याती, बृजसुंदर सोनी, राम नारायण सोमानी, सुशील गोयल, योगेंद्र कुमार सक्सेना व महावीर कुमार जैन को मिला। मंच अध्यक्ष मदन खटोड ने निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए निर्णायक मंडल का आभार जताते हुए विजेताओं को बधाई दी। महासचिव कृष्ण गोपाल सोमानी ने कहा कि प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य तीन पीढ़ियों को एक साथ लाकर पारिवारिक एकता, प्रेम, संस्कार और परंपराओं को प्रोत्साहित करना था। आयोजन में उमाशंकर शर्मा, कैलाश चंद्र पुरोहित, प्रमोद कुमार तोषनीवाल, वीणा खटोड आदि का विशेष सहयोग रहा।

वीरांगना झलकारी बाई का जीवन मातृशक्ति के लिए आदर्श - महापौर जसवंत कंवर

भीलवाड़ा। 1857 की प्रथम स्वतंत्रता क्रांति की अमर वीरांगना झलकारी बाई कोली का 195वां जन्मोत्सव कोली समाज विकास ट्रस्ट, के तत्वावधान में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वीरांगना झलकारी बाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाजबंधुओं एवं शहरवासियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सचिव मुरलीधर लोरवाड़िया ने महापौर जसवंत कंवर के समक्ष वीरांगना झलकारी बाई सर्किल पर उनकी बहुप्रतीक्षित प्रतिमा स्थापित करवाने की मांग पुनः प्रमुखता से उठाई। समाजजनों ने मांग की कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव पारित कर शीघ्र निविदा जारी की जाए, ताकि वीरांगना को उचित सम्मान मिल सके। इस पर महापौर ने शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करवाने का आश्वासन दिया। वीरांगना झलकारी बाई के जन्मोत्सव के अवसर पर झलकारी बाई सर्किल पर आयोजित पल्स पोलियो अभियान ने कार्यक्रम को जनसेवा की नई पहचान दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कुल 625 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई, जो भीलवाड़ा जिले में किसी एक केंद्र पर सर्वाधिक बताई गई है। इस उपलब्धि ने अभियान को विशेष बना दिया। रवि डिडवानिया, सुनील पाठक एवं विजयलक्ष्मी शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए भामाशाहों के सहयोग से पोलियो की खुराक पीने वाले प्रत्येक बच्चे को गर्म मोजे भी वितरित किए गए। इस पहल से बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण के साथ सामाजिक सरोकार का संदेश भी दिया गया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में समाज संरक्षक बालूलाल बछपरिया, उपाध्यक्ष मोतीसिंह मंडिया, महेंद्र कुमार, सुनील सोहनलाल तलाया, गिरधारी तलाया, शंकरलाल, लक्ष्मण डांगड़ा, उस्ताद बुद्धि प्रकाश, राजेश, गिरधर, सुनील, महेश, राकेश, देवी लाल, सोनू, सेवंतीलाल किशोर खटूम्बरा सहित अनेक समाजजन एवं शहरवासी उपस्थित रहे।



पोलियो महाअभियान जिला स्तरीय कार्यक्रम की सीएमएचओ ने नौनिहालों को दवा पिलाकर की शुरूआत

भीलवाड़ा। पल्स पोलियो महाअभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ महात्मा गांधी राजकीय जिला चिकित्सालय की एमसीएच विंग में उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवी संस्था लायंस क्लब भीलवाड़ा प्रताप द्वारा गोद लिए गए पोलियो बूथ पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी एवं महात्मा गांधी चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ ने नन्हे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने बच्चों को खिलौने वितरित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला आरसीएच अधिकारी डॉ. अभिनव निर्वाण, डॉ. अमूल पारीक, डॉ. कपिल शर्मा, एमसीएच प्रभारी डॉ. इंदिरा सिंह, डब्ल्यूएचओ से डॉ. स्वाति मित्तल, डॉ. संदीप उपाध्याय, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. दिनेश बैरवा, डॉ. मनीषा बर?, नर्सिंग अधीक्षक ओम जीनगर, उप नर्सिंग अधीक्षक मुकुट राज सिंह, नर्सिंग प्रभारी बीज्यू मैथ्यू, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सिराज खान सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। वहीं स्वयंसेवी संस्था लायंस क्लब भीलवा?ा प्रताप की ओर से राहुल माहेश्वरी, प्रशांत गर्ग एवं पुरुषोत्तम परियानी मौजूद रहे। अभियान के दौरान हाई रिस्क क्षेत्रों, ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों, घुमंतू आबादी एवं अन्य ऐसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां बच्चों के छूटने की आशंका अधिक रहती है। रविवार को बूथों पर दवा पीने से छूटे बच्चों को सोमवार एवं मंगलवार को विशेष टीमों द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है।



महिला आईटीआई में दीक्षांत समारोह, छात्राओं को वितरित किए व्यावसायिक प्रमाण पत्र

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भीलवाड़ा में शनिवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। रोजगार प्रशिक्षण महानिदेशालय, नई दिल्ली (भारत सरकार) के निर्देशानुसार आयोजित इस समारोह में सत्र 2025-26 की उत्तीर्ण छात्राओं को राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रमाण पत्र एवं अंकतालिकाएं प्रदान की गईं। संस्थान की अधीक्षक रचना अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम डाड थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गोविन्द प्रसाद सोडानी एवं राजकुमार बम्ब मौजूद रहे। अधीक्षक रचना अग्रवाल ने संस्थान में इस सत्र से संचालित नए व्यवसायों–कॉस्मेटोलॉजी (ब्यूटी पार्लर), कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) और फैशन डिजाइनिंग–की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा संस्थान में सिलाई, कंप्यूटर (बेसिक टेक्नोलॉजी व अन्य जानकारी) तथा मैकेनिक में इलेक्ट्रीशियन जैसी कक्षाएं संचालित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में 170 बालिकाएं अध्ययनरत हैं और बड़ा सुव्यवस्थित भवन बनने के साथ ही यह कार्य संचालित हो रहा है। उन्होंने रोजगार एवं स्वरोजगार में व्यावसायिक प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा संस्थान से प्लेसमेंट पाकर विभिन्न क्षेत्रों की उच्च कंपनियों में कार्यरत छात्राओं के बारे में बताया। संचालन कनिष्ठ अनुदेशक एकता जाटोलिया ने किया, जबकि आयोजन में मंसूरअली, इरफान मोहम्मद डायर, राजेश हेमनानी, पवन कुमार स्वर्णकार, द्रोपदी लढा, अन्नपूर्णा पाटोदिया, पूजा दाधीच, मोना गांच्छा, कोनिका टांक, अनिता कुमावत और इकबाल मोहम्मद डायर सहित संस्थान स्टाफ का योगदान रहा।

अरिहंत क्रिकेट क्लब के दीपावली स्नेह मिलन में आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर चर्चा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



अरिहंत क्रिकेट क्लब की ओर से प्रतिवर्ष की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी सपरिवार दीपावली स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह में क्लब के सभी सदस्यों ने अपने परिवार सहित उत्साहपूर्वक भाग लिया और दीपावली पर्व की खुशियां आपस में साझा कीं।

क्लब प्रवक्ता राकेश बाबेल ने बताया कि स्नेहमिलन समारोह का आयोजन ईशस स्थित मोनिशा फार्म हाउस में किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों एवं उनके परिजनों ने सामूहिक रूप से स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। वहीं, रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच दीपावली पर्व की खुशियां मनाई गईं। पारिवारिक माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम ने सभी सदस्यों को आपसी मेल-मिलाप, आत्मीयता और सौहार्द के साथ समय बिताने का अवसर प्रदान किया। समारोह के दौरान सदस्यों ने आपसी विचार-विमर्श करते हुए क्लब की अब तक की गतिविधियों की समीक्षा की तथा आगामी वर्ष में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों, खेल गतिविधियों और सामाजिक कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। सभी सदस्यों ने क्लब की एकजुटता, सक्रियता और पारिवारिक सहभागिता को निरंतर बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने मोनिशा फार्म हाउस में ही रात्रि विश्राम किया। अगले दिन भी आपसी मेल-मिलाप और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच इस यादगार आयोजन का समापन हुआ।

सहाड़ा में महिला उद्यमिता दिवस पर उद्यमी मेला हुनर और आत्मनिर्भरता का दिखा संगम

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



अंतरराष्ट्रीय महिला उद्यमिता दिवस के अवसर पर सहाड़ा ब्लॉक में दो अलग-अलग स्थानों पर महिला उद्यमी मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन चार्वी एम्पावरमेंट सोसाइटी और समहिता द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट तेजस्वी' के अंतर्गत नंद घर के माध्यम से वेदांता व अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के सहयोग से कलेक्टिव गुड फाउंडेशन के साथ मिलकर किया गया।

इस मौके पर संस्थान की टीम सदस्य स्वाति गेहलोत और किरण शर्मा ने महिलाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने महिला उद्यमिता, आर्थिक आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार और पारंपरिक हुनर को व्यवसाय में बदलने के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। महिलाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने, छोटे स्तर से उद्यम की शुरुआत करने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित महिला उद्यमियों ने अपने हाथों से तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। स्थानीय लोगों ने उत्पादों को सराहा और उत्साह के साथ खरीदारी की, जिससे महिला उद्यमियों को बाजार से जुड़ने और बिक्री का प्रत्यक्ष अवसर मिला। आयोजकों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर विकसित कर आत्मनिर्भर बनाना है। लक्ष्य यह भी है कि ये महिलाएं भविष्य में अन्य महिलाओं के लिए रोजगार सृजन का माध्यम बनें। आर्थिक रूप से सशक्त होने से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है, आय में इजाफा होता है और परिवार के निर्णयों में उनकी भागीदारी मजबूत होती है। आयोजकों ने महिलाओं को मंच और बाजार उपलब्ध कराने के लिए भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखने की बात कही।

स्व. गोयल की पुण्य स्मृति में आयोजित शिविर में 41 यूनिट रक्तदान

भावि वीर शिवाजी शाखा एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



भारत विकास परिषद् शाखा वीर शिवाजी एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय सुनील जी गोयल की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को सेवा सदन रोड स्थित भीलवाड़ा ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 41 यूनिट रक्तदान किया।

कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष सतीश तापडिया, प्रांतीय महासचिव आनंद सिंह राठौड़, शाखा के संस्थापक अध्यक्ष सुमित जागेटिया, प्रांतीय प्रभारी सुभाष मोटवानी, महेश जाजू एवं समाजसेवी राकेश काबरा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। एचडीएफसी बैंक की ओर से रोहित जैन एवं मयंक शर्मा भी उपस्थित रहे। शाखा अध्यक्ष कमलेश बोडाना एवं कोषाध्यक्ष दीपक चोरडिया ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। स्वर्गीय सुनील जी गोयल के पुत्र विवेक गोयल एवं समस्त परिवारजनों ने अपने मित्रों के साथ शिविर में सहभागिता निभाते हुए रक्तदान किया। रक्तदान शिविर प्रभारी डॉ. महेश अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने में सहायक बन सकता है। उन्होंने अधिकाधिक लोगों से नियमित रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद गोयल ने कहा कि स्वर्गीय सुनील गोयल की पुण्य स्मृति में आयोजित यह शिविर समाजसेवा और मानवता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर महिला संयोजिका वर्षा मित्तल सहित कमलेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, धीरज नैनावटी, विनय अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, विनय माहेश्वरी, रोहित जैन सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। शिविर में कुल 41 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

बालिका शिक्षा को नई उड़ान:कालंद्री में विश्वस्तरीय सरकारी विद्यालय का उद्घाटन

लोकजीवन नेटवर्क, सिरोही



जिले के कालंद्री में राजस्थान सरकार और आरके ग्रुप की परोपकारी शाखा आरके ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से नवनिर्मित प्रेम रतन शाह मेमोरियल राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भव्य उद्घाटन हुआ।

22 नवंबर को आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष, नालंदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पद्म भूषण से सम्मानित अर्थशास्त्री डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने विद्यालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रख्यात भारतीय एनेस्थीसिया विशेषज्ञ एवं समाजसेवी डॉ. शोभा वर्तमान भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान डॉ. शोभा वर्तमान ने संदीपन देब द्वारा लिखित पुस्तक 'फुटप्रिंट्स ऑफ फेथः इन सर्च ऑफ जैन हेरिटेज इन पाकिस्तान' का विमोचन भी किया। पूर्ववर्ती श्री महावीर राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को अब इस आधुनिक परिसर में स्थानांतरित किया गया है। वर्तमान में यहां लगभग 350 छात्राएं अध्ययनरत हैं, जबकि इस परिसर में एक साथ 1,000 विद्यार्थियों के पढ़ने की क्षमता विकसित की गई है। पर्यावरण के अनुकूल इस भवन के निर्माण में मिट्टी के ब्लॉकों का उपयोग किया गया है, जिसमें प्राकृतिक शीतलन प्रणाली, छायादार खुले आंगन, वर्षा जल संचयन और सौर ऊर्जा जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त यहां तकनीक से जुड़ी स्मार्ट कक्षाएं, अत्याधुनिक खेल सुविधाएं और छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन शिक्षा की नींव पर खड़ा है और जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा से बड़ा कोई अन्य माध्यम नहीं है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बिना किसी भेदभाव के लड़कों और लड़कियों दोनों को समान रूप से शिक्षित करें। वहीं, आरके ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री आरके शाह ने अपनी जन्मभूमि से जुड़ाव व्यक्त करते हुए कहा कि एक बेटी के शिक्षित होने से न केवल उसका भविष्य संवरता है, बल्कि पूरा परिवार और समाज सशक्त होता है। आरके ट्रस्ट केवल बुनियादी ढांचे के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि द टीचर्स फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहा है। साथ ही, टेम्पल ऑफ लर्निंग के सहयोग से 'हिकावरी गाड़

प्रदेश में डेयरी चुनावों का बदलेगा गणित, 1800 लीटर से कम दूध देने वाली समितियों का वोटिंग अधिकार होगा खत्म

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर

राजस्थान के डेयरी सहकारी संघों की राजनीति में बड़े बदलाव की तैयारी है। अब तक डेयरी संघों में राजनीतिक रसूख और समर्थकों के दम पर चुनावी गणित बनाने वाले नेताओं के सामने नई चुनौती खड़ी हो सकती है। सहकारिता विभाग ने डेयरी संघों के चुनाव और मतदान के अधिकार से जुड़े नियमों में बदलाव का खाका तैयार किया है। इसके तहत दूध की नियमित सप्लाई नहीं करने वाली समितियों का वोटिंग अधिकार खत्म करने और नए सदस्यों को तत्काल मतदान का अधिकार देने का प्रस्ताव है।

प्रस्तावित नियमों के मुताबिक, किसी प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति को पिछले वित्त वर्ष में कम से कम 180 दिन तक जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ को दूध की सप्लाई करनी होगी। इस अवधि में कुल सप्लाई कम से कम 1800 लीटर होनी जरूरी होगी। इन दोनों शर्तों को पूरा नहीं करने वाली समितियों को संचालक मंडल के चुनाव के लिए बुलाई गई आमसभा में वोट देने का अधिकार नहीं मिलेगा। इस बदलाव का असर डेयरी संघों के चुनावी समीकरणों पर पड़ सकता है। जिन समितियों के माध्यम से अब तक नेता अपना समर्थन जुटाते रहे हैं, उनमें से कई की मतदान की पात्रता खत्म हो सकती है। वहीं, एक साल पुरानी सदस्यता की अनिवार्यता हटने से नए सदस्यों को भी चुनाव में भाग लेने का मौका मिलेगा।



रजिस्ट्रार भी नहीं दे सकेंगे दूध सप्लाई की शर्त में छूट

सहकारिता विभाग ने राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम, 2001 की धारा 11 के तहत जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों के बायलॉज में संशोधन की प्रि या शुरू की है। अभी दूध सप्लाई की निर्धारित शर्त पूरी नहीं करने वाली समितियों को कुछ परिस्थितियों में राहत देने का अधिकार सहकारी रजिस्ट्रार के पास है। मौजूदा व्यवस्था में प्राकृतिक आपदा या समिति के नियंत्रण से बाहर के दूसरे कारणों से दूध सप्लाई की शर्त पूरी नहीं होने पर रजिस्ट्रार छूट दे सकता है। प्रस्तावित बदलाव में यह राहत देने का प्रावधान हटाया जा रहा है। यानी 180 दिन और 1800 लीटर की निर्धारित शर्त पूरी नहीं करने वाली समिति को चुनाव में वोटिंग का अधिकार नहीं मिलेगा।

एक साल पुरानी सदस्यता की शर्त हटेगी, नए सदस्य भी कर सकेंगे मतदान

डेयरी संघों के चुनाव में एक और बड़ा बदलाव सदस्यता की अवधि को लेकर किया जा रहा है। अभी संचालक मंडल के चुनाव में वही सदस्य मतदान कर सकता है, जिसकी सदस्यता चुनाव की तारीख से कम से कम एक साल पुरानी हो।प्रस्तावित संशोधन में इस अनिवार्यता को खत्म किया जा रहा है। इसके बाद चुनाव से ठीक पहले सदस्य बनने वाले लोगों को भी मतदान का अधिकार मिल सकेगा। इसके लिए नियम 20.1 से 20.3 तक में बदलाव प्रस्तावित है। इस फैसले के दो अलग-अलग राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं। एक तरफ दूध सप्लाई की शर्त पूरी नहीं करने वाली समितियां चुनावी प्रि या से बाहर होंगी, वहीं दूसरी तरफ नए सदस्यों के जुड़ने से चुनाव में मतदाताओं का आधार बढ़ सकता है। ऐसे में डेयरी संघों में पहले से मजबूत पकड़ रखने वाले नेताओं के सामने नए समीकरण बनाने की चुनौती होगी।

ऑडिट के बिना चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगी समितियां

प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों की चुनावी पात्रता को वित्तीय पारदर्शिता से भी जोड़ा जा रहा है। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष का ऑडिट पूरा होने के बाद ही समितियां चुनाव में भाग ले सकेंगी। जिन समितियों का ऑडिट पूरा नहीं होगा, उन्हें चुनावी प्रि या में शामिल होने की अनुमति नहीं मिलेगी। इस प्रावधान से उन समितियों की मुश्किल बढ़ सकती है, जिनके वित्तीय रिकॉर्ड और ऑडिट लंबे समय से लंबित हैं। अब केवल सदस्यता या दूध सप्लाई ही नहीं, बल्कि वित्तीय रिकॉर्ड भी चुनाव में भागीदारी का आधार बनेगा।

डेयरी संघों में पहली बार उपाध्यक्ष का पद बनाने की तैयारी

चुनावी नियमों के साथ डेयरी संघों के संचालक मंडल की व्यवस्था में भी बदलाव प्रस्तावित है। अभी संचालक मंडल के चुनाव के बाद उसकी पहली बैठक में सदस्यों में से अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। मौजूदा व्यवस्था में उपाध्यक्ष का पद नहीं है। नए प्रस्ताव के तहत अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा। उपाध्यक्ष का कार्यकाल संचालक मंडल के कार्यकाल के बराबर रहेगा। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में संचालक मंडल की बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष करेंगे। यदि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों मौजूद नहीं रहते हैं तो संचालक मंडल के सदस्य उस बैठक के लिए अपने बीच से किसी एक सदस्य को अध्यक्ष चुन सकेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर बदल रहे नियम

सहकारिता विभाग सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए डेयरी सहकारी संस्थाओं के चुनाव संबंधी प्रावधानों में बदलाव कर रहा है। इसके लिए जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों के बायलॉज में संशोधन की प्रि या शुरू की गई है। इन बदलावों के लागू होने के बाद डेयरी संघों की चुनावी राजनीति में बड़ा फेरबदल हो सकता है। दूध की नियमित सप्लाई नहीं करने वाली समितियों के जरिए चुनावी प्रभाव बनाए रखने वाले नेताओं की ताकत घट सकती है। वहीं, नए सदस्यों को मतदान का अधिकार मिलने से चुनावी समीकरण नए सिरे से बनेंगे।

भगवान श्री राम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए आदर्श है - संत मुरलीधर महाराज



बिजयनगर। भगवान श्री राम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए आदर्श है यह उद्गार ख्याति प्राप्त कथावाचक संत मुरलीधर जी महाराज ने व्यास पीठ श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ में कथा का वाचन करते हुए किए। श्री राम प्राकट्य प्रसंग का वर्णन करते हुए संत मुरलीधर जी महाराज ने कहा कि भगवान राम का जीवन पुत्र , भाई, पति, राजा, के रुप में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के रुप में प्रभु का चरित्र हमें जीवन में प्रत्येक क्षण कर्तव्य, त्याग, प्रेम और धर्म का पालन करने की देता है।

माता कौशल्या का वात्सल्य, राजा दशरथ का पुत्र प्रेम, और चार भाइयों का आपसी स्नेह भगवान का बाल स्वरूप भक्तों के हृदय में प्रेम , श्रद्धा , और भक्ति का संचार करता है। संत मुरलीधर जी महाराज ने कहा भगवान श्री राम प्राकट्य केवल अयोध्या के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण संसार के लिए आनंद और मंगल का संदेश लेकर आया। प्रभु ने अवतार के माध्यम से धर्म, मर्यादा, करुणा, प्रेम और आदर्श जीवन का मार्ग संसार को दिखाया। इस दौरान संत मुरलीधर जी महाराज के मुखारविंद से धार्मिक भजनों की स्वरलहरियां पर उपस्थित धर्मावलंबियों ने झूमते हुए धार्मिक लाभ उठाया। संकटमोचक हनुमान मंदिर नाड़ी मोहल्ला व सर्व समाज के तत्वावधान में इंद्रा मंच पर आयोजित श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ में पालिका अध्यक्ष ममता मोदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित मोदी, पार्षद रामलाल जांगिड़, मुकेश गुर्जर, सुशील ओझा, अमित लोढ़ा, गोविंद सोनी, समिति अध्यक्ष रमेश चंद्र माली, पं लक्ष्मण दास जी महाराज, पं घीसालाल जी महाराज,विजय सिंह रासलोत, धीरजसिंह चौहान सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

माता वैष्णो देवी के दर्शन को 41 श्रद्धालुओं का जत्था कल होगा रवाना

भीलवाड़ा। श्री माता वैष्णो देवी यात्रा संघ के तत्वावधान में 41 श्रद्धालुओं का एक दल मंगलवार, 24 नवम्बर 2026 को सुबह 9 बजे भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन से रेल मार्ग द्वारा श्री माता वैष्णो देवी (जम्मू-कटरा) के दर्शनार्थ रवाना होगा। संघ की यह निरंतर 25वीं वार्षिक यात्रा है। विगत 24 वर्षों से इस समूह के साथ भीलवाड़ा, ब्यावर और भीम क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु सफलतापूर्वक माता के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं। संघ के गिरधारी सिंह पंवार ने बताया कि यात्रा को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए संघ द्वारा दो माह पूर्व ही संपूर्ण कार्ययोजना तैयार कर ली जाती है। इसके अंतर्गत सभी यात्रियों के लिए रेल के कन्फर्म टिकट एवं कटरा में ठहरने हेतु होटल की अग्रिम बुकिंग सुनिश्चित की जाती है, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े।

बजरी माफियाओं पर प्रहार: तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, दो चालक दबोचे, एक फरार

भीलवाड़ा। जिले में अवैध बजरी खनन और परिवहन के विरुद्ध पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। मंगरोप थाना पुलिस ने बजरी माफियाओं पर शिकंजा कसते हुए अवैध बजरी से लदी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर लिया और मौके से दो चालकों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक चालक पुलिस को चकमा देकर भाग निकलने में सफल रहा। हेड कांस्टेबल जयप्रकाश शर्मा के अनुसार, रविवार को मंगरोप थाने की विभिन्न पुलिस टीमों को बनास नदी से अवैध रूप से बजरी भरकर ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की सूचना मिली थी। इस पर टीमों ने भौली गांव के रास्ते पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहनों को रोकने की कार्रवाई की। पुलिस की अचानक हुई इस घेराबंदी और दबिश से अवैध खनन व परिवहन में लिप्त माफियाओं में हड़कंप मच गया।कार्रवाई के दौरान एक चालक अपना ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। वहीं, पुलिस टीम ने तत्परता और मुस्तैदी दिखाते हुए दो अन्य चालकों–कमलेश भील और आसिफ मोहम्मद–को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस ने अवैध बजरी से भरी तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है।

ड्रॉ रहा वेलिंगटन टेस्ट: भारत की जीत में बाधा बने मिचेल और फिलिप्स, देरी से पारी घोषित करना पड़ा भारी?

वेलिंगटन। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेला गया पहला टेस्ट मैच पांचवें दिन ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारत को ये मुकाबला अपने नाम करने के लिए आज आठ विकेट लेने की जरूरत थी। भारतीय गेंदबाजों ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के कुल पांच विकेट गिरा दिए थे, लेकिन डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स क्रीज पर ऐसा टिके कि भारत की जीत में बाधा बन गए। आखिरकार तीसरे सेशन के दौरान दोनों टीमें ड्रॉ पर सहमत हुए और मैच का नतीजा नहीं निकल सका।

किस तरह टेस्ट बचाने में सफल रहा न्यूजीलैंड

जब मैच खत्म करने का फैसला लिया गया, तब भारत को जीत के लिए पांच विकेट की जरूरत थी और 15 ओवर बाकी थे, लेकिन इतने विकेट हासिल करना मुश्किल नजर आ रहा था। ऐसे में भारतीय टीम ने मुकाबले को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में शानदार संघर्ष करते हुए भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए



तरसाया। इस तरह भारत के हाथ से जीत का मौका निकल गया और न्यूजीलैंड टेस्ट बचाने में सफल रहा। डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने भारतीय गेंदबाजों को पांचवें दिन विकेट के लिए तरसा दिया। दोनों ने मिलकर 258 गेंदों तक भारतीय गेंदबाजों का सामना किया और 63 रन जोड़े। मिचेल 186 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 49 रन और ग्लेन फिलिप्स 126 गेंद में दो चौके की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 120 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 239 रन बना लिए थे।

पारी से जीत की चाह ने छीना मैच?

न्यूजीलैंड ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 368 रन बनाए। भारत ने पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया। भारत के लिए केएल राहुल और ऋषभ पंत ने शतक जड़े, जबकि यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतकीय पारी खेली जिससे भारत ने पहली पारी नौ विकेट पर 720 रन बनाकर घोषित की। भारत ने इस तरह 352 रनों की बड़ी बढ़त ली। भारत ने अपनी पारी चौथे दिन तीसरे सत्र में घोषित की। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने न्यूजीलैंड को दो झटके भी दे दिए थे। ऐसा लग रहा था कि भारत ये मैच पारी के अंतर से जीत सकता है, लेकिन मिचेल और फिलिप्स भारत के सामने दीवार बनकर खड़े हो गए और उनके मुंह से जीत छीन ली।

मैच ड्रॉ होने के बाद यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या भारत ने पारी घोषित करने में ज्यादा देर कर दी। भारत पहली पारी में शुरुआत से ही सुखद स्थिति में था। पिच से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी, ऐसे में जब टीम इंडिया ने बढ़त हासिल की तो उन्होंने पहले ही पारी घोषित क्यों नहीं की? भारत अगर पहले ही पारी घोषित करता तो भारतीय गेंदबाजों को न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में ऑलआउट करने के लिए थोड़ा ज्यादा समय मिल सकता था। लेकिन ऐसा लगा कि भारत की रणनीति पारी से जीत दर्ज करने की है। हालांकि, भारतीय गेंदबाज न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में ऑलआउट नहीं कर सके, लिहाजा ये मैच भारत के हाथ से निकल गया और ड्रॉ पर समाप्त हुआ। साथ ही फील्डिंग में कई गलतियां भी हुईं जिसका खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा।

भारत के सामने दीवार बनकर खड़े हुए मिचेल-फिलिप्स

न्यूजीलैंड ने पांचवें दिन दो विकेट पर 119 रन से आगे खेलना शुरू किया। भारत को डेवोन कॉनवे के रूप में पहली सफलता मिली। कॉनवे 165 गेंद में सात चौके की मदद से 65 रन बनाकर सुंदर का शिकार बने। फिर रचिन रवींद्र को प्रसिद्ध कृष्णा ने ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। रचिन 129 गेंद में चार चौके की मदद से 37 रन बना सके। टॉम ब्लंडेल को अंशुल कंबोज ने विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। ब्लंडेल 15 रन बना सके। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट लिया। वहीं, बुमराह, कंबोज और सुंदर को एक-एक विकेट मिला। भारत को आज दूसरे सत्र में विकेट के कई मौके मिले, लेकिन टीम उनका फायदा नहीं उठा सकी। डेरिल मिचेल को तीन बार जीवनदान मिला। पहले आकाश दीप रन आउट का आसान मौका चूक गए। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर मिचेल के बल्ले का अंदरूनी किनारा लगा और गेंद उछल गई, लेकिन फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर कोई फील्डर मौजूद नहीं था। फिर अंशुल कंबोज की गेंद मिचेल के ग्लव्स से लगी, लेकिन देवदत्त पडिक्कल मुश्किल कैच नहीं पकड़ सके। ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए दूसरे नई गेंद का डटकर सामना किया।

लूट के मामले में एक साल बाद फरार आरोपी गिरफ्तार, मुरकियां बरामद

भीलवाड़ा। घर में सो रहे ग्रामीण को दबोचकर कानों से सोने की मुरकियां लूटने के करीब एक वर्ष पुराने मामले में फरार चल रहे आरोपी को मांडल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर जंगल में छिपाकर रखी गई लूटी गई सोने की मुरकियां भी बरामद कर लीं, जिसके बाद अदालत में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया। मांडल पुलिस के अनुसार, मूलतया आलमास और हाल सोदानपुरा निवासी भैंरूलाल कुमावत के साथ 18 नवंबर 2025 को लूट की वारदात हुई थी। भैंरूलाल जब घर में सो रहे थे, तभी देर रात बदमाशों ने मकान में घुसकर उन्हें दबोच लिया और कानों में पहनी सोने की मुरकियां छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में मांडल थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था। मामले की जांच दीवान विजयसिंह गुर्जर को सौंपी गई। इससे पहले पुलिस ने रतन और राजेश कालबेलिया को गिरफ्तार कर पूछताछ की थी, जिससे तीसरे आरोपी आजाद (29) पुत्र पन्नालाल कालबेलिया (निवासी केसरपुरा, हाल अरनियापंत शंभुपुरा) की संलिप्तता सामने आई और लूटी गई मुरकियां उसी के पास होने का खुलासा हुआ। तब से फरार चल रहे आजाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर लुहारिया जंगल में खजूर के पेड़ में छिपाकर रखी गई सोने की मुरकियां बरामद कर लीं। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिवों का प्रशिक्षण शिविर 30 से पदमपुरा में, खड़गे और राहुल गांधी होंगे शामिल

जयपुर । राजस्थान में पंचायत और निकाय चुनावों के बीच कांग्रेस अब राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने की तैयारी में जुटी है। इसके लिए जयपुर को एक बार फिर पार्टी की राष्ट्रीय गतिविधियों का केंद्र बनाया जा रहा है। शिवदासपुरा के पास बाड़ा पदमपुरा में 30 नवंबर से 9 दिसंबर तक कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिवों का पहला प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। इस आयोजन के राजनीतिक मायने इसलिए भी अहम हैं, क्योंकि इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तक शामिल होंगे।

करीब 23 साल बाद बाड़ा पदमपुरा में कांग्रेस का कोई बड़ा राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होने जा रहा है। पार्टी इस शिविर के जरिए अपने नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों को संगठन की कार्यशैली, राज्यों में राजनीतिक चुनौतियों और आगामी रणनीति के लिए तैयार करना चाहती है। खास बात यह है कि राष्ट्रीय सचिवों को अलग-अलग राज्यों में सह प्रभारी की जिम्मेदारी भी दी गई है। ऐसे में यह प्रशिक्षण केवल संगठनात्मक औपचारिकता नहीं, बल्कि राज्यों में पार्टी की गतिविधियों को गति देने की



तैयारी के रूप में भी देखा जा रहा है।

खड़गे और राहुल गांधी की मौजूदगी से बढ़ेगा आयोजन का सियासी महत्व

प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 30 नवंबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। वहीं, 9 दिसंबर को समापन सत्र में राहुल गांधी शामिल होंगे। दोनों शीर्ष नेताओं की मौजूदगी से शिविर को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण बनाया जा रहा है। इस दौरान नए सचिवों को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक ढांचे, प्रदेश इकाइयों के साथ समन्वय और राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार काम करने के तौर-तरीकों की जानकारी दी जाएगी। पार्टी की कोशिश है कि अलग-अलग राज्यों में जिम्मेदारी संभालने वाले सचिव एक साझा रणनीति और स्पष्ट कार्ययोजना के साथ मैदान में उतरें।

वेणुगोपाल के दौरे से पहले तैयारियों का जायजा

पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल का 25 नवंबर के बाद जयपुर आने का कार्य म प्रस्तावित है। वे बाड़ा पदमपुरा में शिविर की तैयारियों का जायजा ले सकते हैं। हाल ही में खड़गे ने 81 राष्ट्रीय सचिवों की नियुक्ति की थी। इन सभी को अलग-अलग राज्यों में सह प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। ऐसे में प्रशिक्षण शिविर से पहले राष्ट्रीय संगठन के स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप देने की कवायद चल रही है।

23 साल पहले सोनिया गांधी भी पहुंची थीं बाड़ा पदमपुरा

बाड़ा पदमपुरा का कांग्रेस के लिए पुराना राजनीतिक और संगठनात्मक महत्व रहा है। वर्ष 2003 में यहां पार्टी का तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ था। उस समय तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी कार्य म में शामिल होने पहुंची थीं। उस दौर में राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार थी। अब करीब 23 साल बाद इसी स्थान पर पार्टी का राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण कार्य म होने जा रहा है। इस वजह से पुराने आयोजन की यादें भी फिर ताजा हो रही हैं।

राजस्थान के छह नेताओं को राष्ट्रीय संगठन में जगह

कांग्रेस के नए राष्ट्रीय सचिवों की सूची में राजस्थान के छह नेताओं को जगह मिली है। इनमें रेहाना रियाज, हेम सिंह शेखावत, धीरज गुर्जर, डूंगर राम गेदर, दानिश अबरार और जगदीश जांगिड़ शामिल हैं। वहीं, सांसद संजना जाटव, पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा और विजय जांगिड़ को राष्ट्रीय सचिव पद से हटाया गया है। नए सचिवों को अलग-अलग राज्यों में संगठन की जिम्मेदारी मिलने के बाद राजस्थान के नेताओं की राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका भी बढ़ेगी।

जयपुर से संगठन को नई दिशा देने की कोशिश

राजनीतिक विश्लेषक योगेश शर्मा के अनुसार, इस आयोजन के जरिए कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व संगठनात्मक गतिविधियों के लिए जयपुर को फिर केंद्र में ला रहा है। खड़गे और राहुल गांधी की मौजूदगी इसे सामान्य प्रशिक्षण कार्य म से आगे ले जाती है। दरअसल, कांग्रेस के सामने राज्यों में संगठन को मजबूत करने, प्रदेश इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय बनाने और चुनावी चुनौतियों से निपटने की जिम्मेदारी है। ऐसे में 10 दिन तक चलने वाले इस शिविर से पार्टी के नए राष्ट्रीय सचिवों की कार्यशैली और आगामी संगठनात्मक रणनीति की दिशा तय होने की उम्मीद है।

एआई के भरोसे बैठी दुनिया के लिए एआई ही बना सबसे बड़ा खतरा! एक हफ्ते में 7 बड़े झटके से मिला सबक

दुनिया जिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को भविष्य की सबसे बड़ी ताकत मानकर अपनी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और प्रशासन की बुनियाद बना रही है, वही तकनीक अब एक नई वैश्विक चुनौती के रूप में सामने आ रही है। सवाल सिर्फ यह नहीं है कि एआई इंसानों की जगह कितने काम कर सकता है, बल्कि यह भी है कि क्या दुनिया अपनी पूरी व्यवस्था कुछ गिनी-चुनी तकनीकी कंपनियों, स्वचालित प्रणालियों और एल्गोरिदम के भरोसे छोड़कर एक बड़े जोखिम की ओर बढ़ रही है?

देखा जाये तो अमेरिका में एक ही सप्ताह के भीतर विमानन, बैंकिंग, संचार और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी तकनीकी व्यवस्थाओं में आई रुकावटों ने डिजिटल दुनिया की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक की सेवाएं प्रभावित हुईं, जेपी मॉर्गन चेज के लेनदेन में बाधा आई, एप्पल की सेवाओं में रुकावट हुई और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (ह्यूज) का गोपनीय नेटवर्क भी ठप पड़ गया। वहीं, फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के नेटवर्क में आई समस्या के कारण हजारों उड़ानें प्रभावित हुईं और करीब 12,462 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

इन घटनाओं के पीछे तकनीकी गड़बड़ियों के अलग-अलग कारण सामने आए हैं। कहीं पुराने सॉफ्टवेयर की खामियां थीं, तो कहीं नेटवर्क उपकरणों में आई खराबी और नए अपडेट के कारण सेवाएं बाधित हुईं। अमेरिकी कांग्रेस के अधिकारियों को दी गई जानकारी में यह भी बताया गया कि एआई मॉडल ने कई सुरक्षा खामियों की पहचान की थी। उन्हें जल्द ठीक करने के लिए बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर में बदलाव (पैच) किए गए, जिनसे कुछ नई तकनीकी समस्याएं पैदा हो गईं। यानी साइबर हमलों से बचाने में मदद करने वाला एआई भी तब परेशानी का कारण बन सकता है, जब उसकी पहचान की गई खामियों को जल्दबाजी में ठीक करने की कोशिश की जाए।



यहां सबसे महत्वपूर्ण पहलू तकनीक पर बढ़ती निर्भरता का है। आज बैंकिंग से लेकर विमानन, अस्पतालों, सरकारी संचार और राष्ट्रीय सुरक्षा तक सब कुछ डिजिटल नेटवर्क से जुड़ा है। ऐसे में किसी एक महत्वपूर्ण नेटवर्क या सॉफ्टवेयर की विफलता का असर हजारों किलोमीटर दूर बैठे लोगों तक पहुंच सकता है। देखा जाये तो स्वचालन ने काम की गति बढ़ाई है, लेकिन उसी अनुपात में एक छोटी तकनीकी गलती के बड़े स्तर पर फैलने का खतरा भी बढ़ा दिया है।

साथ ही इस बहस का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू मानव अस्तित्व और उसकी रचनात्मक क्षमता से जुड़ा है। वर्ष 2026 के लिए कैम्ब्रिज डिक्शनरी द्वारा च्द्यूमनज् शब्द को चुनना भी एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच इंसान की पहचान और महत्व को रेखांकित करता है। आज मशीनें लेखन, संगीत, फिल्म निर्माण और दूसरे रचनात्मक कार्यों में इंसानों की नकल करने लगी हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मशीनें इंसानों की तरह रचनात्मक काम करने लगेंगी, तब मानवीय प्रतिभा, मौलिकता और मेहनत का महत्व और उसका आर्थिक मूल्य कैसे बरकरार रहेगा?

देखा जाये तो एआई केवल नौकरियों के स्वरूप को नहीं बदल रहा, बल्कि वह उस व्यवस्था को भी चुनौती दे रहा है जिसमें इंसान की कल्पनाशीलता, अनुभव, भावनाएं और मौलिक विचार आर्थिक गतिविधियों का आधार रहे हैं। मशीन से तैयार सामग्री की बढ़ती उपलब्धता के बीच वास्तविक मानवीय रचनात्मकता को एक अलग पहचान देने की मांग भी सामने आ रही है। इसलिए एआई को बिना सार्वजनिक निगरानी और सुरक्षा प्रावधानों के पूरी छूट नहीं दी जा सकती।

दूसरी ओर, भारत के लिए इन दोनों घटनाओं का संदेश बेहद महत्वपूर्ण है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से डिजिटल होती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। यूपीआई, डिजिटल बैंकिंग, आधार आधारित सेवाएं, सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म, रेलवे, विमानन और स्वास्थ्य सेवाएं बड़े पैमाने पर तकनीकी नेटवर्क पर निर्भर हैं। भारत की डिजिटल शक्ति जितनी तेजी से बढ़ेगी, उसकी तकनीकी सुरक्षा और परिचालन क्षमता का महत्व भी उतना ही बढ़ेगा।

भारत को केवल विदेशी एआई मॉडल और वैश्विक क्लाउड कंपनियों का उपभोक्ता बनकर नहीं रहना चाहिए। अपने डेटा सेंटर, स्वदेशी एआई मॉडल, साइबर सुरक्षा अनुसंधान, चिप निर्माण और महत्वपूर्ण डिजिटल ढांचे में अपनी क्षमता विकसित करना राष्ट्रीय रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। अस्पतालों, बैंकिंग, रक्षा और आपातकालीन सेवाओं के लिए ऐसे वैकल्पिक नेटवर्क तैयार होने चाहिए, जो किसी वैश्विक कंपनी की सेवा बाधित होने पर भी काम करते रहें। जरूरी डिजिटल सेवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर संचालित बैकअप व्यवस्था और नियमित आपदा परीक्षण अनिवार्य होने चाहिए।

साथ ही, एआई से पैदा होने वाले जोखिमों का स्वतंत्र ऑडिट, सॉफ्टवेयर अपडेट की चरणबद्ध प्रि या और महत्वपूर्ण प्रणालियों में मानवीय निगरानी जरूरी है। भारत को अपनी शिक्षा, कला, साहित्य, पत्रकारिता और रचनात्मक उद्योगों में मानवीय प्रतिभा की भूमिका भी सुरक्षित रखनी होगी।

बहरहाल, तकनीकी शक्ति का अगला दौर सिर्फ यह तय नहीं करेगा कि किस देश के पास सबसे तेज एआई है। असली मुकाबला इस बात का होगा कि कौन-सा देश,द्ध को अपनी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज के अनुकूल नियंत्रित कर सकता है, तकनीकी संकट के दौरान अपनी व्यवस्था चालू रख सकता है और मशीनों की बढ़ती क्षमता के बीच इंसान की उपयोगिता और रचनात्मकता को बचा सकता है। भारत के सामने यही सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती और अवसर है।

-नीरज कुमार दुबे

104 किलो से अधिक गांजे की बड़ी खेप पकड़ी, कार सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

भीलवाड़ा। नेशनल हाईवे-48 पर मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगरोप पुलिस और डीएसटी टीम ने अर्टिगा कार से 104 किलो 271 ग्राम गांजा बरामद किया है। चित्तौड़गढ़ हाईवे स्थित गुवारड़ी नाले के पास सर्विस रोड पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मंगरोप थाना अधिकारी सुरेंद्र सिंह को डीएसटी भीलवाड़ा के कांस्टेबल राकेश से सूचना मिली थी कि एनएच-48 स्थित गुवारड़ी नाले के पास एक संदिग्ध अर्टिगा कार मौजूद है। डीएसटी टीम ने कार में सवार तीन व्यक्तियों को डिटेन कर रखा था। सूचना पर मंगरोप पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार तथा उसमें सवार व्यक्तियों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी और पीछे की तीसरी सीट से पॉलिथीन की थैलियों में टेप लगाकर पैक किए गए 20 पैकेट बरामद हुए। इन पैकेटों में गांजे के फूल, कलियां, पत्तियां और डंठल भरे थे, जिनका कुल वजन 104 किलो 271 ग्राम पाया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र सिंह (26, निवासी वार्ड नंबर 3, जोरावरपुरा, थाना बागोर), नोरत सिंह उर्फ पृथ्वीराज सिंह उर्फ रतन सिंह (34, निवासी भादू, जिला भीलवाड़ा) और मोहन गाडरी (43, निवासी वार्ड नंबर 3, जोरावरपुरा, बागोर) के रूप में हुई। आरोपियों के पास गांजे के परिवहन को लेकर कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं मिला। पुलिस ने गांजे की खेप और अर्टिगा कार को जब्त कर तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। प्रकरण की अग्रिम जांच सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय को सौंपी गई है।